# अंतरिक्ष बनेगा युद्ध का नया मोर्चा : डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अंतरिक्ष में तेजी से बढ़ती सैन्य क्षमताओं को भविष्य की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि आने वाले युद्ध केवल जमीन, समुद्र और आकाश तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्र भी प्रमुख मोर्चे होंगे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका की अंतरिक्ष नियंत्रण क्षमताओं, चीन और रूस की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमताओं तथा गोल्डन डोम जैसी मिसाइल रक्षा पहलों से वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में तेजी से बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

- **युवाओं को नवाचार और अनुसंधान की शक्ति बनना होगा**



उपग्रहों पर हमला होने से संचार, नौवहन, बैंकिंग और सैन्य प्रणालियां प्रभावित हो सकती हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि वर्ष 2019 में मिशन शक्ति के माध्यम से भारत ने अपनी अंतरिक्ष रक्षा क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष आधारित निगरानी कार्यक्रम के तहत 52 निगरानी उपग्रहों का निर्माण भारत की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमताओं को दर्शाता है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अनुसंधान एवं विकास में सार्वजनिक और निजी निवेश बढ़ाने तथा वैज्ञानिकों और नवाचारकताओं को बेहतर प्रोत्साहन देने की जरूरत बताई। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, सीमा पर खड़ा जवान और प्रयोगशाला में काम करता वैज्ञानिक, दोनों देश के रक्षक हैं। युद्ध के हथियार और तरीके बदल रहे हैं–कल तलवार थी, आज कूटभाषा, उपग्रह और कृत्रिम बुद्धिमत्ता हैं। उन्होंने युवाओं से नवाचार, कौशल और अनुसंधान को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत की तकनीकी क्षमता और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की तैयारी का समय अभी है।

## रविवार को बैंक खोलने का यूनाइटेड फोरम ने किया विरोध

**लखनऊ।** बैंकों को सामान्य कार्यदिवस की तरह खोलने के फैसले को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की लखनऊ जिला इकाई ने विरोध जताया है। फोरम का कहना है कि बैंकिंग क्षेत्र में रविवार को अवकाश के प्रावधान को कार्यदिवस में नहीं बदला जा सकता। फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि रिजर्व बैंक के अनुमोदन के बाद भारतीय बैंक संघ की ओर से रविवार को कार्यदिवस घोषित किया गया था। इसका यूनाइटेड फोरम ने विरोध किया। फोरम के अनुसार बैंक कर्मियों के द्विपक्षीय समझौते में रविवार अवकाश का दिन निर्धारित है। फोरम ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में अवकाश के दिन भी बैंक खोले जा सकते हैं, लेकिन ऐसे मामलों में संबंधित कर्मचारियों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार ओवरटाइम तथा अधिकारियों को अवकाश अथवा डिस्कंफर्ट भत्ते का भुगतान किया जाना चाहिए। फोरम के मुताबिक विरोध के बाद बैंक प्रबंधन ने अपने पूर्व आदेश में बदलाव करते हुए द्विपक्षीय समझौते के प्रावधानों के अनुरूप रविवार को बैंक संचालन का निर्णय लिया है। रविवार को ड्यूटी के लिए बुलाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमानुसार ओवरटाइम अथवा डिस्कंफर्ट भत्ते का भुगतान किया जाएगा। मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि बैंक कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 28 से 30 सितंबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि मांगों का समाधान नहीं होने पर 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल भी प्रस्तावित है। फोरम ने कहा कि बैंक कर्मी अपनी मांगों के समाधान तक आंदोलन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# कहीं गिरा बिजली का खंभा तो कही पॉवर हाउस के अंदर पानी

अमन लेखनी समाचार





**लखनऊ।** बीते 48 घंटे से हो रही भारी बारिश से शहर के हालात बिगड़ गए हैं। बरसात ज्यादा होने से बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गयी है। बिजली खंभा पानी से भीगां होने के कारण कोई भी लाईनमैन फाल्ट सही करने को तैयार नही हो रहा है।

राजधानी समेत कई जिलों में शनिवार को 12वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। इसके साथ ही दिन का तापमान करीब छह शहरों में 9 से 10 डिग्री तक नीचे आ गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान 59 जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग ने 5 जिलों के लिए अत्यधिक भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है।

आशियाना के सेक्टर आर, एल, जी और एच में भारी जलभराव रहा। यहां किला मोहम्मदी नाले और सड़क का अंतर खत्म हो गया। महानगर व भूतनाथ इलाके में जलभराव के कारण यहां के बाजार अस्त-व्यस्त हो गए। पानी होने से आशियाना के कोई ऐसा सेक्टर नही था जहां पर बिजली सप्लाई बाधित नही रही हो। कोई पावर हाऊस फोन करके शिकायत कर रहा था तो कोई लाईनमैन को सीधा फोन करके बिजली तार जोड़ने के लिए कह रहा था।

अमौसी के अम्बेडकर पावर हाऊस में पानी भर गया, आशियाना के उतरठिया पावर हाऊस के यार्ड में पानी भर गया जिससे एक्सीएन और अधीक्षण अभियंता कर्मचारियों से कार्य कराते नजर आये। लेसा सिस गोमती के चीफ इंजीनियर का फोन नही उठने से कई उपभोक्ताओं ने मध्यांचल के अधिकारियों से शिकायत किया। जानकीपुरम विस्तार के सातों सेक्टरों में बिजली शिकायत सबसे ज्यादा रही।

# बारिश ने मचाई तबाही, कई कच्चे मकान ढहे

## चांदपुर में घरों में घुसा तीन फीट तक पानी, ग्रामीण परेशान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने ग्रामीण इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जगह-जगह जलभराव के साथ कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। मलिहाबाद क्षेत्र में कई कच्चे मकान भरभराकर गिर गए। हालांकि हादसों में परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। मकान गिरने से घरेलू सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। रहीमाबाद के भतोइया गांव में रणधीर सिंह का कच्चा मकान बारिश के चलते ढह गया। मकान में रखा घरेलू सामान मलबे में दब गया। घटना के समय परिवार दूसरे मकान में होने के कारण सभी सुरक्षित बच गए। मनकौटी गांव में राजू, रूपेश और सूरज के कच्चे मकान भी बारिश के चलते गिर गए। वहीं गौंदा गांव में पवन कश्यप का मकान भरभराकर ढह गया। हादसे के दौरान परिवार के लोग मकान से बाहर होने के कारण सुरक्षित रहे। उमरावल के मजरा अमृतखेड़ा में मुकेश का कच्चा मकान भी गिर गया। घटना के समय मुकेश पत्नी का इलाज कराने लखनऊ गया था। मवई कला गांव में मेहंदी का कच्चा मकान भी बारिश की चपेट में आकर ढह गया। परिवार के लोग दूसरे कमरे में होने से बच गए। शनिवार शाम करीब सात बजे सलामत खेड़ा में इशरत के मकान की कच्ची कोठरी गिर गई। मलबे में दबकर करीब 40 मुर्गी के चूजों की मौत हो गई, जबकि पास खड़ी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। लगातार बारिश से कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों में दहशत का माहौल है।



बारिश से गिरा पड़ा कच्चा मकान

### चांदपुर में घरों में घुसा तीन फीट तक पानी

उधर, मलिहाबाद के चांदपुर गांव में जल निकासी की व्यवस्था न होने से बारिश का पानी घरों और सड़कों पर करीब तीन फीट तक भर गया। ग्रामीणों का आरोप है कि नाले पर अतिक्रमण होने से पानी की निकासी बाधित है। बारिश का पानी नाले के बजाय गांव में जमा होकर घरों में घुस रहा है। सूचना पर तहसील प्रशासन मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को जल निकासी कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद इंजन लगाकर पाइप के जरिए मुख्य मार्ग पर जमा पानी निकालने का काम शुरू कराया गया। ग्रामीणों ने जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने और नाले से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।



चांदपुर का मार्ग तालाब में तब्दील

# बारिश में भरभराकर गिरा कच्चा मकान, पिता और बेटा, बेटी घायल



घायल सलोनी – फोटो



घायल रजनेश – फोटो



घायल सुरेश – फोटो

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के चैना गांव में शनिवार दोपहर बारिश के दौरान कच्चा मकान अचानक भरभराकर ढह गया। हादसे के समय मकान के अंदर बैठे किसान समेत उसका बेटा और बेटी मलबे में दब गए। मकान गिरने की तेज आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को मलबे से बाहर निकाला। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अपनी गाड़ी से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

चैना गांव निवासी किसान सुरेश (50) शनिवार दोपहर करीब एक बजे अपने कच्चे मकान में बेटे रजनेश (20) और बेटी सलोनी (18) के साथ बैठे थे। इसी दौरान अचानक मकान भरभराकर ढह गया। देखते ही देखते तीनों मलबे के नीचे दब गए। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव में जुट गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर सुरेश, रजनेश और सलोनी को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस की मदद से तीनों घायलों को मलिहाबाद सीएचसी ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। उधर, हादसे की जानकारी मिलने पर तहसील प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। कानूनगो और क्षेत्रीय लेखपाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी ली और मकान गिरने से हुए नुकसान का जायजा लिया।

# चोरों ने प्लाईवुड दुकान का शीशा तोड़कर अंदर रखा सामान किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरों ने प्लाईवुड दुकान का शटर उठाकर शीशा तोड़ दिया और अंदर रखा सामान चोरी कर फरार हो गए। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बिजनौर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर-एच निवासी अभिषेक गुप्ता के मुताबिक बिजनौर थाना क्षेत्र के सिसेंडी रोड पर अलकनंदा के पास उनकी श्री श्री बालाजी प्लाईवुड एवं पेंट्स के नाम से दुकान है। अभिषेक का कहना है कि 21 सितंबर की शाम वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन 22 सितंबर की सुबह करीब सात बजे जब दुकान पहुंचे तो शटर उठा होने के साथ शीशा टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो दुकान से सामान गायब था। उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों की तलाश कर रही है।

# सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को करीब 32 वर्षीय अज्ञात युवक सड़क किनारे झाड़ियों में संदिग्ध हालत में अचेत पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब 4 बजे राहगीरों से सूचना मिली कि सरोजनीनगर के नादरगंज क्षेत्र में कानपुर रोड किनारे टूल रूम के पास झाड़ियों के बीच एक युवक संदिग्ध हालत में अचेत पड़ा है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने देखा तो वह कानपुर रोड से करीब 20 मीदूर दूर टूल रूम बाउंड्री की तरफ झाड़ियों में पड़ा था। पुलिस ने उसे बाहर निकलवाया तो वह बेहोशी की हालत में होने के साथ उसके दोनों पैरों के घुटनों में चोट लगी थी और उसके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था, बल्कि सिर्फ भूरे कलर की लोअर पहने था। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस का कहना है कि युवक अधिक बेहोशी की हालत में होने के कारण अपने बारे में कोई जानकारी नहीं दे सका। पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच में नशेड़ी प्रवत्ति का (स्मैकिया) लग रहा है। साथ ही उसके शरीर से लग रहा है कि वह बीती रात से यहां पड़ा है। जिसके कारण उसके हाथ की हथेली और पैरों के तलवे सिकुड़ कर सफेद हो गए हैं। हालांकि बाद में पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर उसे लोक बंधु अस्पताल भेज दिया, जहां उसका इलाज जारी है।

# बारिश के बीच 24 घंटे गुल रही बिजली, डेढ़ लाख आबादी बेहाल

## 33 केवी लाइन में फॉल्ट के बाद चांदपुर फीडर में ब्लास्ट, पेड़ गिरने और पोल टूटने से बढ़ी परेशानी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लगातार हो रही बारिश के बीच मलिहाबाद क्षेत्र में बिजली संकट ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। शुक्रवार शाम करीब आठ बजे रहीमाबाद से आने वाली 33 केवी लाइन में फॉल्ट आने से मलिहाबाद विद्युत उपकेंद्र से जुड़े मिजार्गंज, नवीन मंडी, तहसील, मानखेड़ा, चांदपुर और गल्लामंडी फीडरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। करीब डेढ़ लाख की आबादी को 24 घंटे से अधिक समय तक बिजली संकट का सामना करना पड़ा। नगर पंचायत क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक अंधेरा छाया रहा।

बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो गई। समरसेबल पंप बंद रहने के कारण कई इलाकों में लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। घरेलू कामकाज के साथ दुकानदारों और छोटे कारोबारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



फाल्ट दुरुस्त करते विद्युत कर्मचारी

विद्युत विभाग की टीम ने रातभर फॉल्ट दूर करने के लिए काम किया। शनिवार सुबह करीब छह बजे 33 केवी लाइन का फॉल्ट ठीक कर आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद चांदपुर फीडर में अचानक ब्लास्ट हो गया। इसके चलते तहसील विद्युत केंद्र से जुड़े फीडरों की आपूर्ति फिर बाधित हो गई।

इसी बीच शनिवार सुबह खड़ौहां गांव में बाजार के पास बाराती रैदास के घर के सामने विद्युत पोल पर भारी-भरकम पकड़िया का पेड़ गिर गया। वहीं रसूलाबाद में सड़क किनारे विद्युत पोल टूटने से परेशानी और बढ़ गई। बारिश के बीच विभागीय कर्मचारी लाइनों और पोलों की मरम्मत में जुटे रहे। 24 घंटे से अधिक समय बाद बिजली आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली, हालांकि लंबे समय तक बिजली न आने से उनमें नाराजगी भी रही। इस संबंध में अधिशासी अभियंता अमित ने बताया कि रहीमाबाद से आने वाली 33 केवी लाइन में फॉल्ट के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई थी। विभागीय टीम ने लगातार काम कर फॉल्ट को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल कराई।

# बड़ी बिजनेस अपॉर्च्युनिटी बन सकता है वेस्ट मैनेजमेंट

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा वेस्ट मैनेजमेंट आज एक बड़ी बिजनेस अपॉर्चुनिटी भी बन सकता है। सीबीजी, वेस्ट-टू-एनर्जी, बायोफ्यूल और रिसाइक्लिंग एवं री-प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में अपशिष्ट का उपयोग कर नए उद्योगों और रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने नोएडा स्थित एक्सपो मार्ट में आयोजित उत्तर प्रदेश के चौथे इंटरनेशनल ट्रेड शो में नगर विकास विभाग की ओर से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर आयोजित सेमिनार में ये बातें कहीं। उन्होंने नगरों को और अधिक स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के लिए नवीनतम तकनीक के माध्यम से ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रबंधन पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में उत्तर प्रदेश के कई शहरों ने देश में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केवल स्वच्छता से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे शहरों के स्वास्थ्य, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से हम शहरों को स्वच्छ रखने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान ने देश में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है।

# 72 घंटे से अंधेरे में 50 गांव

**मोहनलालगंज, निगोहां और नगराम क्षेत्र में बारिश से बिजली व्यवस्था ध्वस्त, पेयजल व संचार व्यवस्था भी प्रभावित**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने मोहनलालगंज, निगोहां और नगराम क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया करीब 50 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लाखों उपभोक्ता भारी संकट से जूझ रहे कई गांवों में 72 घंटे से अधिक समय से बिजली गुल घरों में अंधेरा पसरा है, इनवर्टर जवाब दे चुके और मोबाइल फोन तक बंद होने लगे लोगों के सामने पेयजल से लेकर संचार व्यवस्था तक का संकट खड़ा हो गया लगातार बारिश के चलते कई स्थानों पर बिजली के खंभे तार और लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई जलभराव के कारण फाल्ट तक पहुंचना और मरम्मत कार्य करना भी विद्युत कर्मचारियों के लिए चुनौती बना हुआ हालांकि विभाग की टीमें आपूर्ति बहाल करने में जुटी लेकिन खराब मौसम के कारण अधिकांश क्षेत्रों में अब तक बिजली बहाल नहीं हो सकी बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया जिन गांवों में पानी की आपूर्ति विद्युत मोटरों से होती वहां पेयजल संकट गहराने लगा छोटे बच्चों बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही मोबाइल फोन बंद होने से लोग अपने परिजनों और जरूरी सेवाओं से संपर्क तक नहीं कर पा रहे। बारिश से पहले ही जलभराव और खराब रास्तों की समस्या झेल रहे ग्रामीणों के लिए बिजली संकट नई मुसीबत बन गया खेतों में पानी भरने से किसानों की चिंता बढ़ गई वहीं बिजली न होने से नलकूप और अन्य सिंचाई साधन भी ठप पड़े ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से युद्धस्तर पर अभियान चलाकर क्षतिग्रस्त लाइनों और फाल्ट को शीघ्र दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल कराने की मांग की उनका कहना है कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था सामान्य नहीं हुई तो पेयजल, संचार और दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याएं और गंभीर हो जाएंगी।

### इन गांवों में सबसे अधिक असर

मोहनलालगंज, निगोहां और नगराम क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित है। कई गांवों में लगातार तीसरे दिन भी बिजली न आने से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आपूर्ति बहाल होने तक प्रशासन और विद्युत विभाग को वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

# स्विफ्ट डिजायर से आए चोर, दिनदहाड़े तीन बकरियां उठा ले गए

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भसंडा गांव में दिनदहाड़े स्विफ्ट डिजायर कार से आए अज्ञात चोर घर के पीछे बने हाते में बंधी तीन बकरियां खोलकर ले गए घटना से ग्रामीणों में दहशत और नाराजगी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी भसंडा निवासी नंदकिशोर के मुताबिक शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे एक स्विफ्ट डिजायर कार से कुछ लोग उनके घर के पीछे पहुंचे आरोपियों ने हाते में बंधी तीनों बकरियों को खोलकर कार में लादा और फरार हो गए। कुछ देर बाद जब वह हाते में पहुंचे तो बकरियां गायब थीं। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा पीड़ित की तहरीर पर मोहनलालगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी पुलिस गांव और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही ताकि घटना में प्रयुक्त कार की पहचान कर आरोपियों तक पहुंचा जा सके। मोहनलालगंज थाना प्रभारी राम बाबू सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर चोरी में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सरोजनीनगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह बदहाल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजली विभाग में वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद सरोजनीनगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो गई है। स्थिति यह है कि शुक्रवार शाम से नादरगंज और गहरू पावर हाउस से जुड़े कई फीडरों की बिजली आपूर्ति ठप होने से दर्जनों गांवों में लोग परेशान रहे। लेकिन उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली गुल होने के बाद शिकायत के लिए फोन करने पर कर्मचारी और अधिकारी फोन तक रिसीव नहीं करते हैं। नादरगंज पावर हाउस से जुड़े बेहटवा, इंडस्ट्रियल एरिया-2, बद्रीनगर, अमौसी, सरोजनीनगर और एनसीसी फीडर सहित करीब आठ फीडरों की आपूर्ति शुक्रवार शाम से बाधित रही। कई फीडर 16 घंटे से अधिक समय तक बंद रहे, जबकि कुछ फीडरों की बिजली करीब 20 घंटे तक प्रभावित रही। उपभोक्ताओं के मुताबिक आपूर्ति बाधित होने का कारण बताने के लिए भी कोई अधिकारी यहां उपलब्ध नहीं रहा। यहां तक कि पावर हाउस के उपखंड अधिकारी से संपर्क करने पर भी फोन रिसीव नहीं किया गया। उधर, गहरू पावर हाउस के नीवां और बंथरा फीडर की बिजली भी शुक्रवार शाम करीब छह बजे बंद हो गई। लगातार बारिश के दौरान बिजली के खंभे गिरने से नीवां फीडर की आपूर्ति ठप हो गई। बंथरा, गुलाबखेड़ा, टूड़ीखेड़ा, नीवां, चनखरा, दुदैया खेड़ा, हमीरपुर, अम्बरपुर, उमेदखेड़ा और लालाखेड़ा सहित दर्जनों गांवों में बिजली संकट बना रहा। करीब 18 घंटे तक बिजली न आने से पेयजल संकट गहरा गया। घरों में लगे समरसेबल पंप नहीं चलने से पानी की समस्या खड़ी हो गई। ग्रामीणों को दूर-दराज स्थित हैंडपंपों से पानी ढोकर लाना पड़ा। पानी के अभाव में खाना बनाने में भी दिक्कत हुई। गहरू पावर हाउस के जेई अमित उपाध्याय ने बताया कि नीवां फीडर के खंभे गिरने से आपूर्ति बाधित हुई है। वहीं रामचौरा के पास सागौन का पेड़ गिरने से बंथरा फीडर की लाइन प्रभावित हुई। बाद में कर्मचारियों द्वारा मरम्मत कार्य करने के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी।

## संक्षेप

### फ्रेश जेन फिएस्टा में थिरके फ्रेशर्स

**सोहम-इशिका बने मिस्टर-मिस फ्रेशर**

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में नए सत्र के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए शुक्रवार को भव्य फ्रेश जेन फिएस्टा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। दिनभर चले कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने डांस, सिंगिंग, डिबेट, मॉडलिंग, फाइन आर्ट्स, मेकअप और थिएटर समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई। शाम को आयोजित सेलिब्रिटी नाइट में पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा की लाइव प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। उनके गीतों पर छात्र-छात्राएं जमकर झूमे।कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर विनिथ कुमार नायर, प्रो वाइस चांसलर थिपेन्द्र पाल सिंह और रजिस्ट्रार शाह हर्षल अनिलभाई ने किया। विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस, ग्रुप सिंगिंग और हैंड पेंटिंग सहित कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।फ्रेशर पार्टी के दौरान मिस्टर एंड मिस फ्रेशर 2026 के चयन के लिए कई चरणों में प्रतियोगिताएं हुईं। डांस, सिंगिंग, डिबेट, फाइन आर्ट्स, मॉडलिंग, मेकअप और थिएटर में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।शाम की सेलिब्रिटी नाइट में पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा ने लाइव प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम में बीबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) के छात्र सोहम अरोड़ा को मिस्टर फ्रेशर 2026 चुना गया। वहीं एमबीए डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की छात्रा इशिका चौधरी ने मिस फ्रेशर 2026 का खिताब अपने नाम किया।

### पुरानी रंजिश में युवती से अभद्रता और मारपीट का आरोप, छह पर केस

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पुराने विवाद को लेकर युवती के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट का मामला सामने आया है।पीड़िता द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने छह लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।शिकायतकर्ता के अनुसार 23 सितंबर की रात लगभग 8 बजे गांव के ही कुछ लोग उसके घर में आ गए। आरोप है कि पुरानी दुश्मनी के चलते उन्होंने उसके साथ अशोभनीय हरकत की।विरोध करने पर पीड़िता की मां और बड़ी मां बीच-बचाव के लिए आईं तो आरोपियों ने उनके साथ भी अपशब्दों का प्रयोग और हाथापाई की।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपियों ने गला दबाने का प्रयास किया जिससे उसे चोटें आईं। इसके अलावा पाकिस्तान से संबंध और अवैध हथियार होने की बात कहकर परिवार को धमकाया गया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार, लाइसेंसी बंदूक व जेवरात बरामद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट थाना पुलिस ने अखलाखनगर में एक बंद मकान से हुई चोरी की बड़ी घटना का 48 घंटे के भीतर पदार्फाश कर दिया है।पुलिस ने चंदन घाट के पास से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनके साथ शामिल एक बाल अपचारी को भी पुलिस संरक्षण में लिया गया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी की गई लाइसेंसी बंदूक, लैपटॉप, टैबलेट और जेवरात बरामद हुए हैं। घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने 15 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

?प्राप्त जानकारी के अनुसार, गंगाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम अखलाखनगर (निकट राबिया मस्जिद) निवासी वादिनी चाँद बीबी 23 सितंबर 2026 की शाम करीब 7:30 बजे अपने घर में ताला लगाकर कानपुर के मोती नगर स्थित अपनी रिश्तेदारी में गई थीं। 24 सितंबर की सुबह जब वह लौटीं, तो मकान के पीछे की खिड़की की जाली और दूसरी मंजिल के कमरे का दरवाजा टूटा हुआ मिला। घर की अलमारी से जेवरात, एचपी कंपनी का लैपटॉप, सैमसंग का टैबलेट और एक 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक (एक नाली) गायब थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 व 331(4) के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

मुखबिर की सटीक सूचना पर 25 सितंबर को प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चंदन घाट से घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुलफाम (22) पुत्र आरिफ और अरबाज (18) पुत्र मोहम्मद मुख्तार निवासी अखलाखनगर, थाना गंगाघाट के रूप में हुई है।इनके कब्जे से चोरी की गई लाइसेंसी बंदूक, एक एचपी लैपटॉप (सीरियल नंबर CND53449S), एक सैमसंग टैबलेट (32 जीबी), एक साइंटिफिक कैलकुलेटर, तीन अंगूठियां, दो जोड़ी पायल, दो चांदी के सिक्के और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। घटना में शामिल एक नाबालिग को भी पुलिस ने संरक्षण में लिया है। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी गुलफाम एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ कानपुर नगर के चकेरी व महाराजपुर तथा उन्नाव के गंगाघाट थाने में चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में कुल पांच मुकदमे पहले से दर्ज हैं। एसएसपी उन्नाव ने इस त्वरित खुलासे और बरामदगी के लिए गंगाघाट पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 15,000 के नकद पुरस्कार का ऐलान किया गया

## 16वें गणेश महोत्सव का समापन, भवरेश्वर धाम में विसर्जन के बाद विशाल भंडारा

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। हिलौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम लउवा में आस्था, श्रद्धा और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। विनोद दीक्षित एवं उनके समस्त परिवार द्वारा पिछले 16 वर्षों से लगातार मनाया जा रहा गणेश महोत्सव इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय माहौल में सम्पन्न हुआ। यह भव्य आयोजन 14 सितंबर से 25 सितंबर तक 12 दिनों तक लगातार चला। 14 सितंबर को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। स्थापना के दिन से ही प्रतिदिन सुबह-शाम आरती, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। ग्रामीणों सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन के लिए पहुंचते रहे। पूरे पंडाल को आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम के अंतिम दिन 25 सितंबर को ढोल-नगाड़ों और



अबीर-गुलाल के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा को भव्य शोभायात्रा के रूप में सई नदी पर स्थित प्रसिद्ध भवरेश्वर धाम ले जाया गया। वहां पूरे विधि-विधान के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान ₹गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ₹ के जयकारों से पूरा भवरेश्वर धाम गूंज उठा।

विसर्जन के तत्पश्चात शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा देर रात तक चलता रहा। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण के साथ-साथ श्रद्धालु गणपति बप्पा के जयकारे भी लगाते रहे।मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि आज के समय में ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही कम लोग कराते हैं। यह सौभाग्य की बात है कि दीक्षित और उनका परिवार पिछले 16 साल से बिना किसी रुकावट के इस भव्य कार्यक्रम को लगातार करा रहे हैं। इससे क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक समरसता बनी रहती है। सभी लोगों ने उनके इस कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की।

## 29 सितंबर तक मौसम को लेकर अलर्ट, प्रशासन ने की सतर्क रहने की अपील

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।जिले में मौसम को लेकर प्रशासन ने 29 सितंबर तक अलर्ट जारी किया है।मौसम विभाग लखनऊ के पूर्वानुमान के मुताबिक इस दौरान जिले के कई इलाकों में तेज बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना है। शनिवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने लोगों से मौसम खराब होने के दौरान सावधानी बरतने को कहा है।प्रशासन ने अपील की है कि लोग जलभराव वाले इलाकों, नदी-नालों और निचले क्षेत्रों में जाने से बचें।बिजली चमकने और तेज हवा के समय खेतों में और पेड़ों के नीचे खड़े न हों।बिजली के खंभों, तारों और होर्डिंग्स से दूरी बनाए रखें।



कच्चे और जर्जर मकानों में रहने वाले लोग विशेष सतर्कता बरतें और जरूरत पड़ने पर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। प्रशासन ने कहा है कि बारिश के दौरान बिना जरूरी काम के घर से बाहर न निकलें और बच्चों को पानी भरे स्थानों के पास न जाने दें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन या आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम को सूचना दें। अफवाहों पर ध्यान न दें।

## भारी वर्षा के बीच सीमित रूप में संपन्न हुई गंगा आरती, सनातन आस्था और सेवा का संकल्प रहा अडिग

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंत नगर। माँ गंगा के पावन तट पर आयोजित भव्य दिव्य गंगा आरती एवं महाप्रसाद का कार्यक्रम भारी वर्षा एवं प्रतिकूल मौसम को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सीमित रूप में संपन्न हुआ। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह में कमी नहीं आई।



इस अवसर पर अनुराग त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की यात्रा सेवा, राष्ट्रनिष्ठा, संगठन शक्ति और सनातन सांस्कृतिक चेतना से प्रेरणा लेने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि माँ गंगा भारत की सनातन सभ्यता और सांस्कृतिक चेतना की जीवनधारा हैं। परिस्थितियाँ चाहे जैसी हों, अपनी संस्कृति, संस्कार और समाजसेवा के प्रति हमारा संकल्प निरंतर बना रहना चाहिए।

अनुराग त्रिवेदी ने कहा कि युवाओं को अवसर देने के उद्देश्य से आयोजित प्रथम युवा विशाल रोजगार मेला भी इसी सेवा-संकल्प की एक कड़ी है। रोजगार और संस्कार—दोनों के माध्यम से युवा शक्ति को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ना हमारा प्रयास है।

कार्यक्रम में मोहित द्विवेदी, अंकित पांडेय, लाला तिवारी, उपेंद्र तिवारी, सचिन सिंह, मुन्ना सिंह, अमित सिंह जी, गुड्डू सिंह जी, आशीष साहू, दिलीप गौतम, मोहित रावत, सोनू लोधी, रामबिलास लोधी, राजेश यादव, पंकज पाल, सुनील कुशवाहा, विनोद पासी, सहित अनेक श्रद्धालुओं एवं कार्यकताओं की सहभागिता रही।

## बारिश में दिव्यांग का गिरा कच्चा मकान खुले आसमान के रहने को मजबूर परिवार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम मनिकापुर में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते दिव्यांग का कच्चा मकान गिर गया। घर गिर जाने से दिव्यांग का परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है।

**मानिकापुर निवासी राम प्रकाश तिवारी**

पैर से विकलांग है। बीते तीन दिनों से अनवरत वर्षा जारी रहने के कारण शनिवार देर शाम राम प्रकाश तिवारी के कच्चे मकान की दीवारें अचानक गिर पड़ीं। हादसे के समय राम प्रकाश घर पर ही थे। दीवार गिरने की आहट होते ही परिजन हरकत में आए और पैर से विकलांग राम प्रकाश को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन मकान ढह जाने से गृहस्थी का सारा सामान मलबे के नीचे दबकर बर्बाद हो गया। खबर लिखने तक मौके पर कोई भी जिम्मेदार नही पहुँच सका था।

## लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में परिचालक की मौत जबकि चालक गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित रसूलपुर रूरी के सामने शुक्रवार को देर रात तेज रफ़्तार अनियंत्रित डीसीएम पहले से खड़ी दूसरी डीसीएम के पीछे जा टकराई। हादसे में दोनों डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गईं और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

इटावा जिले के थाना व ग्राम ऊसराहार निवासी चालक सौरभ कुमार पुत्र बलराम सिंह डीसीएम लेकर आगरा से लखनऊ की तरफ जा रहा था। उसके साथ इटावा के ही थाना भरथना अंतर्गत ग्राम नेवड़ीकला निवासी शिवकुमार 20 वर्ष पुत्र अतर सिंह बतौर परिचालक मौजूद था। तभी रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर स्थित गांव रसूलपुर रूरी गांव के सामने देर रात अचानक चालक सौरभ कुमार गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा। जिससे तेज रफ्तार डीसीएम आगे खड़ी एक अन्य डीसीएम के पीछे घुस गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक व परिचालक दोनों केविन में फंस गए। सूचना मिलते ही बेहटा मुजावर थाना पुलिस और यूपिडा की रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को घायलावस्था में गाड़ी से बाहर निकाला और एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद परिचालक शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल चालक सौरभ कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक परिचालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

## लगातार हो रही भारी बारिश के चलते जर्जर मकानों की दीवारें गिरीं

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते नगर एवं क्षेत्र में जर्जर मकानों के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार सुबह नगर के मोहल्ला पटेल नगर व ग्राम नगरा में जर्जर मकान की दीवारे अचानक भरभराकर गिर गई।गनीमत रही कि हादसे के समय मकान के आसपास या नीचे परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। पटेल नगर निवासी स्वर्गीय बाबू गौतम की पत्नी दुलारा अपने परिवार के साथ इसी जर्जर मकान में रहती हैं। बताया गया कि मकान काफी समय से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। शनिवार सुबह अचानक मकान की दीवार भरभराकर ढह गई। दीवार गिरने की आवाज से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने मौके पर पहुंचकर परिवार के सदस्यों का हाल जाना। इसी तरह क्षेत्र के ग्राम मेला आलम शाह के मजरा नगरा निवासी मनोज पुत्र रामआसरे के बंगले की दीवार भी लगातार बारिश के चलते अचानक



भरभराकर गिर गई। हालांकि यहां भी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बारिश से जर्जर मकानों के लिए खतरा बढ़ गया है। नागरिकों ने प्रशासन से ऐसे भवनों का सर्वे कराकर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम कराने की मांग की है।

## पालिकाध्यक्ष ने दिलाई शपथ, सफाई कर्मियों को बांटी किट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नगर पालिका परिषद सभागार में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026' के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने अधिकारियों, कर्मचारियों और सभासदों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।साथ ही, नगर को स्वच्छ बनाने में आम जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि यह स्वच्छता अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्तूबर (गांधी जयंती) तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना तथा संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान नगर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट भी वितरित की गईं।इस अवसर पर श्वेता मिश्रा ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने वाले सफाई कर्मियों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस दौरान संचारी रोग और दस्तक नियंत्रण अभियान को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी (ईओ) राम आसरे कमल, विभिन्न वार्डों के सभासद और नगर पालिका के कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## फ्रेश जेन फिएस्टा में थिरके फ्रेशर्स, सोहम-इशिका बने मिस्टर-मिस फ्रेशर


अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में नए सत्र के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए शुक्रवार को भव्य ह्यफ्रेश जेन फिएस्टाह्न फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। दिनभर चले कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने डांस, सिंगिंग, डिबेट, मॉडलिंग, फाइन आर्ट्स, मेकअप और थिएटर समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई।शाम को आयोजित सेलिब्रिटी नाइट में पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा की लाइव प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। उनके गीतों पर छात्र-छात्राएं जमकर झूमे। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर विनिथ कुमार नायर, प्रो वाइस चांसलर थिपेन्द्र पाल सिंह और रजिस्ट्रार शाह हर्षल अनिलभाई ने किया।विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस, ग्रुप सिंगिंग और हैंड पेंटिंग सहित कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।





फ्रेशर पार्टी के दौरान मिस्टर एंड मिस फ्रेशर 2026 के चयन के लिए कई चरणों में प्रतियोगिताएं हुईं। डांस, सिंगिंग, डिबेट, फाइन आर्ट्स, मॉडलिंग, मेकअप और थिएटर में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शाम की सेलिब्रिटी नाइट में पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा ने लाइव प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम में बीबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) के छात्र सोहम अरोड़ा को मिस्टर फ्रेशर 2026 चुना गया। वहीं एमबीए डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की छात्रा इशिका चौधरी ने मिस फ्रेशर 2026 का खिताब अपने नाम किया।


## लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त पशु पक्षी तक बेहाल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी उन्नाव।गुरुवार देर रात से हो रही बरसात ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है।शुक्रवार को एक मिनट के लिए भी पानी बरसाना बन्द नहीं हुआ जो शनिवार तक जारी रहा है जिससे लोग घरों में कैद हो कर रह गए हैं। यहां तक पशु पक्षी तक पानी से बचने के लिए छाँव ढूंढते रहे। घरेलू चिड़ियों गौरैया कौआ आदि भी आसमान में उड़ते दिखाई नहीं दिए। दो दिन से चल रही बरसात कच्चे घरों में रहने वालों के लिए मुसीबत लेकर आई है। क्षेत्र के गांव हुसैन नगर पट्टी परशुराम में रमेश कुशवाहा के घर की दो कोठरी गिर गई हैं। गनीमत रही कि उस समय उनके अन्दर कोई नहीं था जिससे जान मॉल का खतरा टल गया। उधर खेतों में पकी खड़ी मक्का , मूँगफली, दलहन उड़द मूँग धान की फसल के लिए भी इस बरसात को किसान अनुकूल नहीं मान रहे हैं। हांलाकि आगे आने वाली रवी की फसल की जुताई बुआई के लिए इस बरसात को अच्छा माना जा रहा है।। सड़कें भी सूनी रही ज्यादा भीड़ और वाहन भी कम दिखाई दिए हैं।

## रबी बीज के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य, लॉटरी से होगा चयन, 50% अनुदान मिलेगा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद मे रबी फसलों की बुवाई के लिए किसानों को इस बार बीज लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। कृषि विभाग ने साफ किया है कि बिना ऑनलाइन बुकिंग के किसी भी किसान को बीज नहीं दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद लॉटरी सिस्टम से पात्र किसानों का चयन किया जाएगा और चयनित किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी शशांक ने शनिवार को बताया कि रबी सीजन 2026-27 के लिए बीज की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। किसान कृषि विभाग के पोर्टल पर खुद से आवेदन कर सकते हैं। किसानों की सुविधा के लिए विकासखंडों में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर भी निशुल्क ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था की गई है, जहां पहुंचकर कर्मचारी की मदद से आवेदन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ सिर्फ फार्मर आईडी धारक किसानों को ही मिलेगा, इसलिए जिन किसानों ने अभी तक किसान पहचान पत्र नहीं बनवाया है, वे पहले उसे बनवा लें। ऑनलाइन आवेदन के बाद लॉटरी के माध्यम से चयनित किसानों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत अनुदानित बीज दिया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऑफलाइन तरीके से कोई बीज वितरण नहीं होगा। किसानों से अपील की गई है कि वे किसी बिचौलिए के चक्कर में न पड़ें और खुद पोर्टल पर या नजदीकी बीज भंडार पर जाकर आवेदन करें। अंतिम समय की परेशानी से बचने के लिए समय रहते बुकिंग करा लें। वहीं मिनी किट बीज पूरी तरह निशुल्क दिया जाएगा, इसके लिए किसानों को कोई कीमत नहीं देनी होगी। जिला कृषि अधिकारी ने सभी किसानों से रबी की तैयारी को देखते हुए जल्द आवेदन करने की अपील की है।

## लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, घरों में कैद हुए लोग

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते क्षेत्र में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। दो दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश के कारण आम लोगों की दिनचर्या पूरी तरह अस्त-व्यस्त नजर आ रही है। लगातार बारिश के चलते लोग अपने घरों में रहने को मजबूर हैं और जरूरी कार्यों के लिए भी बाहर निकलने से बच रहे हैं। बारिश का सबसे अधिक असर दैनिक जरूरतों से जुड़े कार्यों पर दिखाई दे रहा है। घरों में सब्जी, दवा, दूध तथा अन्य आवश्यक सामान की जरूरत होने के बावजूद लोग बारिश के कारण बाजार तक पहुंचने में परेशानी महसूस कर रहे हैं। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के परिवारों को जरूरत का सामान उपलब्ध कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।लगातार बारिश के कारण कस्बे की सड़कों और गलियों में भी आवागमन प्रभावित हुआ है। जगह-जगह पानी भरने तथा कीचड़ की स्थिति बनने से राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कई लोग आवश्यक कार्य होने के बावजूद मौसम सामान्य होने का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। बारिश के चलते बाजारों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल बहुत कम नजर आ रही है। दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है, वहीं ग्राहक भी आवश्यक सामान खरीदने के लिए ही घरों से निकल रहे हैं। बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहने से आम जनजीवन के साथ-साथ छोटे व्यापारियों और दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों के सामने भी मुश्किलें बढ़ने की आशंका है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण घर से बाहर निकलना जोखिम भरा और मुश्किल हो गया है। आवश्यक सामान लेने के लिए भी मौसम खुलने का इंतजार करना पड़ रहा है। लगातार बारिश के कारण क्षेत्र में मौसम पूरी तरह बदला हुआ है। ऐसे में लोगों को सलाह दी जा रही है कि अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें और बारिश के दौरान सावधानी बरतें। यदि जलभराव वाले रास्तों से होकर गुजरना जरूरी हो तो विशेष सतर्कता बरती जाए।

## सम्पादकीय

# दुनिया को दिखा आतंक पर पाक का दोहरा रवैया

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दावा करने वाला पाकिस्तान दुनिया के सामने एक बार फिर बेनकाब हो गया है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से पत्रकारों ने लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद और आतंकवादियों को पनाह देने को लेकर सीधे सवाल किए। पूछा गया कि पाकिस्तान आतंकियों को पनाह देना कब बंद करेगा और हाफिज सईद पर कार्रवाई कब होगी। शहबाज दोनों सवालों पर खामोश रहे और आगे बढ़ गए। सवाल भले पत्रकारों ने पूछे हों, लेकिन यह सवाल अब पाकिस्तान की आतंकवाद नीति पर अंतरराष्ट्रीय बहस का हिस्सा बन चुके हैं। पाकिस्तान की विडंबना यही है कि वह एक ओर स्वयं को आतंकवाद का पीड़ित बताता है और दूसरी ओर उसकी जमीन से संचालित या उससे जुड़े आतंकी संगठनों को लेकर भारत और अन्य देशों के गंभीर आरोप लगातार सामने आते रहे हैं। हाफिज सईद इसका सबसे चर्चित उदाहरण है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध सूची में उसका नाम दर्ज है और उसे लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ा गया है। मुंबई के 26/11 आतंकी हमले में उसकी भूमिका को लेकर भारत लंबे समय से पाकिस्तान से कार्रवाई की मांग करता रहा है। भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच से जुड़ी पूरक चार्जशीट में भी सईद को आरोपी बनाया है। ऐसे में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से उसके बारे में सवाल पूछा जाना अस्वाभाविक नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि शहबाज खुद संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान की लड़ाई का दावा कर चुके हैं। आतंकवाद का शिकार होने का दावा पाकिस्तान को अपनी जमीन से दूसरे देशों के खिलाफ होने वाली आतंकी गतिविधियों से जुड़े सवालों से मुक्त नहीं कर सकता। आतंकवाद के खिलाफ किसी देश की प्रतिबद्धता का आकलन उसके बयानों से नहीं, उसके ठोस और निरंतर कदमों से होता है। यही विरोधाभास संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भी दिखाई दिया। पाकिस्तान ने भारत में कश्मीर और अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर सवाल उठाए। भारत ने पलटकर पाकिस्तान के आतंकवाद के इतिहास और उसके सामाजिक प्रभाव का मुद्दा उठाया। इससे यह स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर केवल आरोप लगाने से किसी देश की छवि नहीं बदलती। जब कोई देश दूसरों के मानवाधिकारों पर सवाल उठाता है तो दुनिया स्वाभाविक रूप से उसके अपने रिकॉर्ड को भी देखती है। पाकिस्तान की विदेश नीति लंबे समय से कश्मीर और आतंकवाद के मुद्दों को एक-दूसरे से जोड़कर प्रस्तुत करने की कोशिश करती रही है। आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आतंकवाद को लेकर सवाल पहले से अधिक स्पष्ट हैं। आतंकी संगठन किसी एक देश की समस्या नहीं है। उनकी गतिविधियां सीमाओं से बाहर तक असर डालती हैं। इसलिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई भी चयनात्मक नहीं हो सकती। भारत के लिए यह स्थिति इस बात का संकेत भी है कि पाकिस्तान के साथ संबंधों में आतंकवाद का मुद्दा केंद्रीय बना रहेगा। संवाद, पड़ोसी संबंध और क्षेत्रीय शांति अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन आतंकवाद को नजरअंदाज करके स्थायी शांति की कल्पना संभव नहीं है। यूएन में शहबाज से पूछे गए सवाल अपनी जगह कायम है। दुनिया अब पाकिस्तान के भाषणों से अधिक उसकी कार्रवाई देखना चाहती है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दावा और आतंक से जुड़े सवालों पर खामोशी, यही वह विरोधाभास है जिसने पाकिस्तान के दोहरे रवैये को दुनिया के सामने उजागर कर दिया है।



मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

आईआईटी संस्थानों में लगातार बढ़ती आत्महत्याओं और हाल ही में आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की आत्महत्या की घटना ने देश भर में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। देश के 23 आईआईटी सहित 31 केंद्रीय संस्थानों के पास छात्रों के तनाव को समय रहते पहचानने (सक्रिय स्क्रीनिंग) की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। लोकतांत्रिक समाज ठोस प्रमाणों और तथ्यों पर विश्वास करता है। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और आरोपित को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार मिलना चाहिए। निराशा और हताशा में आईआईटी के निदेशक अथवा प्राध्यापकों पर जातिवाद का आरोप लगाना समाज और संस्थान में विद्वेष और घृणा की विषबेल रोपने जैसा है, इससे बचना चाहिए।

# आईआईटी : आत्महत्याओं की वजह तलाशें

आईआईटी संस्थानों में लगातार बढ़ती आत्महत्याओं और हाल ही में आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की आत्महत्या की घटना ने देश भर में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। बता दें कि 18 सितंबर 2026 को आईआईटी बॉम्बे में 22 वर्षीय छात्र साहिल वाकोडे का उनके हॉस्टल के कमरे में शव मिला। परीक्षा के दौरान एक प्रोफेसर द्वारा कथित तौर पर मोबाइल का उपयोग नकल करने के लिए टोके जाने और कॉपी ले लिए जाने के बाद यह घटना सामने आई, जिसके बाद छात्रों ने भारी प्रदर्शन किया। परिवार ने जातिसूचक उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। परिवार का दावा था कि उनके पुत्र को लंबे समय से जातिगत भेदभाव और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा था। पुलिस ने प्राध्यापक सूर्यनारायण दूल्ला सहित कुछ अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने और एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की। न्यायालय के फैसले से पहले किसी को दोषी नहीं माना जा सकता है।

सवाल है कि देश के आईआईटी संस्थानों में तेरह हजार से अधिक होनहार पढ़ रहे हैं। जातीय आधार पर किसी एक छात्र से ही दुर्व्यवहार कैसे संभव है? एक न्यूज चैनल रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2006 से सितंबर 2026 के बीच विभिन्न आईआईटी परिसरों में लगभग 171 छात्रों की असमय/आत्महत्या से मौतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत मामले पिछले एक दशक में सामने आए हैं। इनमें बड़ी तादाद में सवर्ण छात्र भी शामिल हैं, इसलिए भी जातिगत भेदभाव के आरोप सही नहीं हैं। आरटीआई और अन्य आधिकारिक सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2006 से सितंबर 2026 के बीच आईआईटी परिसरों में 140 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की है। जबकि पिछले पांच सालों में देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी में 70 होनहारों ने आत्महत्या की। गंभीर चिंता यह भी कि जुलाई से शुरू हुए सत्र में अब तक आईआईटी के तीन और आईआईएम का एक छात्र आत्महत्या कर चुका है। वहीं आईआईएससी बंगलूरु में भी पंद्रह दिन में दो छात्रों ने आत्मघात किया है। विडंबना यह है कि इन आंकड़ों में देश के अन्य शिक्षण संस्थानों के आत्मघात के मामले शामिल नहीं किए जाते हैं, जिससे देश में आत्महत्या करने वाले छात्रों की वास्तविक तस्वीर सामने नहीं आ पाती। यह अकल्पनीय है कि जिन इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिला लेना छात्रों का सपना होता है, वहां पहुंचकर कोई छात्र आत्महत्या क्यों कर लेता है? विचारणीय प्रश्न है कि आखिर ये छात्र आत्मघाती कदम क्यों उठा रहे हैं? क्या वे इंजीनियरिंग आदि के पाठ्यक्रम के साथ साम्य नहीं बैठा पाते? क्या सिस्टम की खामियां उन्हें हताश करती हैं? क्या ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं के छात्र अंग्रेजी के पाठ्यक्रम के साथ तालमेल नहीं बैठा पाते हैं? अक्सर चर्चा होती है कि उच्च इंजीनियरिंग संस्थानों में देश के चर्चित व महंगे अंग्रेजी स्कूलों से आए छात्रों द्वारा भाषा,जाति, ग्रामीण पृष्ठभूमि तथा आर्थिक स्तर पर अन्य छात्रों के साथ भेदभाव किया जाता है। आरोप है कि अंग्रेजी माध्यम से आये छात्र हिंदी व क्षेत्रीय भाषाओं से पढ़ाई करके आए छात्रों को हेय दृष्टि





से देखते हैं। आरोप तो यहां तक हैं कि कुछ शिक्षक भी ऐसे छात्रों के प्रति दुराग्रह रखते हैं। कमोबेश ऐसी चिंताएं ग्रामीण पृष्ठभूमि व वंचित समाज से आए छात्रों को लेकर भी सामने आती हैं। नये छात्रों को परिसर तथा छात्रावासों में भेदभाव जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। फलतः इन छात्रों का आत्मविश्वास डिगता है। कालांतर वे अपनी कक्षाओं की पढ़ाई के साथ साम्य नहीं बना पाते व हताशा में आत्मघात की राह चुनते हैं। इंजीनियरिंग व प्रबंधन से जुड़े देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती घातक प्रवृत्ति के मद्देनजर सरकार ने मामले की पड़ताल के लिए पिछली जनवरी में तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। इस समिति ने भी स्वीकार किया था कि व्यवस्था में कुछ खामियां जरूर हैं, जिसके चलते छात्र आत्मघात के लिए बाध्य होते हैं। दरअसल, कुछ छात्र शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक, आर्थिक व पारिवारिक आकांक्षाओं के बोझ के साथ अध्ययन कर रहे होते हैं। इससे उनके मन में यह भय पैदा हो जाता है कि क्या वे अपने जीवन के लक्ष्य हासिल भी कर पाएंगे? बड़ी संख्या में मध्यमवर्गीय, गरीब परिवारों व वंचित समाज की प्रतिभाएं खून-पसीना एक करके इन संस्थानों में दाखिला लेती हैं। उन पर मानसिक दबाव होता है कि परिवार ने पेट काटकर और कर्ज आदि लेकर उन्हें महंगे इंजीनियरिंग व प्रबंधन संस्थानों में दाखिला दिलाया है।

यदि वे असफल हुए तो परिवार को क्या मुंह दिखाएंगे? दूसरा, हमारे समाज में इंजीनियर, प्रबंधक व डॉक्टर बनने की भेड़चाल चल रही होती है। ईश्वर हर बच्चे की रचना उसके विशिष्ट गुण के साथ करता है। जरूरी नहीं है कि इंजीनियरिंग में दाखिला लेने वाले हर छात्र की रुचि इंजीनियरिंग में ही हो। कोई छात्र मानविकीय संकाय की प्रतिभा हो सकता है। इंजीनियरिंग, उसकी रुचि व मन का विषय नहीं हो सकता, जिसके चलते वो पूरे मनोयोग से इस पाठ्यक्रम से साम्य नहीं बैठा पाता। आज सोशल मीडिया की विकृतियां तमाम छात्रों की एकाग्रता को बाधित कर रही हैं। नये वातावरण से साम्य न बैठा पाने व अन्य कारणों से छात्र मानसिक तनाव में आ जाते हैं। विडंबना यह है कि अधिकांश संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ नहीं हैं। निश्चित ही देश की इन प्रतिभाओं को असमय काल-कवलित होने से बचाने की सख्त जरूरत है। आंकड़ों के अनुसार, आत्महत्या के लगभग 61% मामलों के पीछे मुख्य वजह अकादमिक तनाव है। संस्थानों में ग्रेड, रैंक और सीजीपीए को ही सफलता का एकमात्र पैमाना मान लिया जाता है, जिससे छात्र खुद को एक अंतहीन दौड़ में फंसा हुआ पाते हैं। लगभग 12% मामले जॉब की अनिश्चितता और प्लेसमेंट के भारी मानसिक तनाव से जुड़े होते हैं। हालिया आईआईटी बॉम्बे की घटना और पूर्व के मामलों में भी कैंपस के भीतर एससी , एसटी और ओबीसी छात्रों के साथ कथित भेदभाव और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगे हैं। आंकड़ों के अनुसार, कुल आत्महत्या के मामलों में 55% से अधिक छात्र इन्हीं आरक्षित वर्गों से आते हैं। देश के 65% उच्च शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त मानसिक स्वास्थ्य प्रदाताओं की भारी कमी है। देश के 23 आईआईटी सहित 31 केंद्रीय संस्थानों के पास छात्रों के तनाव को समय रहते पहचानने (सक्रिय स्क्रीनिंग) की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। लोकतांत्रिक समाज ठोस प्रमाणों और तथ्यों पर विश्वास करता है। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और आरोपित को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार मिलना चाहिए। निराशा और हताशा में आईआईटी के निदेशक अथवा प्राध्यापकों पर जातिवाद का आरोप लगाना समाज और संस्थान में विद्वेष और घृणा की विषबेल रोपने जैसा है, इससे बचना चाहिए।

कृषि

रवि शंकर



# मानसून की बेरुखी से फसलों पर संकट

अल नीनो के प्रभाव के कारण देश में इस वर्ष मानसून सत्रह साल में सबसे सूखा रहा है, जिसमें कुल वर्षा सामान्य से 15 फीसदी कम दर्ज की गई है। खास बात यह है कि अब तक 14 राज्यों में बारिश की कमी 20 फीसदी से ज्यादा रही है। इनमें बिहार, पंजाब, हरियाणा के अलावा दक्षिण भारत के सभी पांच प्रायद्वीपीय राज्य शामिल हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, वर्ष 2009 के बाद (जब 18.3 फीसदी की कमी देखी गई थी) यह देश का सबसे कमजोर मानसून सीजन साबित हुआ है। एक जून से 21 सितंबर 2026 तक की अवधि में जहां देश में सामान्य रूप से 827.2 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी, वहीं वास्तविक आंकड़ा केवल 703.7 मिलीमीटर पर सिमट कर रह गया है। 123.5 मिलीमीटर की इस भारी गिरावट ने न केवल चालू खरीफ फसलों के उत्पादन पर संकट खड़ा कर दिया है, बल्कि आगामी रबी सीजन की बुआई और देश के प्रमुख जलाशयों के जलस्तर को भी गंभीर खतरे में डाल दिया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस वर्ष मानसून के ऐतिहासिक रूप से कमजोर रहने की मुख्य वजह प्रशांत महासागर में तेजी से सक्रिय हुआ 'सुपर अल नीनो' प्रभाव है।

अल नीनो की स्थिति के कारण समुद्र की सतह का तापमान असामान्य रूप से बढ़ गया, जिसने वैश्विक पवन प्रणालियों को बाधित किया और भारतीय उपमहाद्वीप की ओर बढ़ने वाली मानसूनी हवाओं को कमजोर कर दिया। इस सीजन में बारिश का वितरण न केवल कम रहा, बल्कि समय और स्थान के लिहाज से भी बेहद असंतुलित था। भारतीय कृषि मुख्य रूप से मानसून की बारिश पर निर्भर करती है। देश के करोड़ों किसान जून से सितंबर के बीच होने वाली इस वर्षा के आधार पर ही अपनी फसलों की योजना बनाते हैं। इस साल बारिश के बेरुखेपन के कारण खरीफ फसलों विशेषकर धान, गन्ना, मक्का और कपास की बुआई पिछले सीजन की तुलना में 3.73 फीसदी पिछड़ गई है। इस सूखे मानसून के चलते अकेले चावल के उत्पादन में 10 मिलियन टन (1 करोड़ टन) तक की भारी कटौती हो सकती है। धान के खेतों में पर्याप्त पानी न होने के कारण पौधों का विकास रुक गया है, जिससे प्रति हेक्टेयर पैदावार घटने की पूरी आशंका है। इसके अलावा गन्ने की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे आने वाले महीनों में चीनी उत्पादन प्रभावित होना तय माना जा रहा है। साथ ही, यह रबी की फसलों (गेहूं, सरसों, चना) के लिए भी बेहद खतरनाक साबित होगी। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मानसून भारतीय खेती की लाइफलाइन है। चिंता केवल खरीफ की मौजूदा फसलों तक सीमित नहीं है। देश के केंद्रीय जल आयोग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख 150 से अधिक जलाशयों में लाइव स्टोरेज (उपयोगी जल भंडारण) पिछले साल की तुलना में लगभग 36 फीसदी कम हो गया है। दक्षिण भारत के 54 प्रमुख बांधों में जलस्तर उनकी कुल क्षमता के 80 फीसदी से भी नीचे चला गया है। कम बारिश का सीधा असर अब देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता की जेब पर दिखने लगा है। अगस्त के महीने में खाद्य मुद्रास्फीति (फूड इन्फ्लेशन) लगातार सातवें महीने बढ़कर 5.95 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई, जो इस वर्ष का उच्चतम स्तर है। आर्थिक विश्लेषकों के मुताबिक, मानसून में होने वाली हर एक फीसदी की कमी खाद्य महंगाई को करीब 25 बेसिस पॉइंट तक बढ़ा देती है। बाजार में जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने आपातकालीन कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। वहीं, प्याज और टमाटर जैसी सब्जियों की आसमान छूती कीमतों को रोकने के लिए कई राज्यों में रियायती दरों पर सरकारी आउटलेट्स के जरिए बिक्री की जा रही है। मानसून 2026 के इन निराशाजनक आंकड़ों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन और अल नीनो जैसी मौसमी परिघटनाएं अब भारतीय कृषि के लिए एक स्थायी चुनौती बन चुकी हैं। मौसम विभाग का कहना है कि सितंबर के अंत में बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है, जिससे ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में कुछ बारिश हो सकती है।

# हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित

दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

# समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ? भगवान बोलेः मेरा एक भक्त अतिप्रभावी मानस पूजन कर रहा है। मेरे अन्य धनिक भक्त सब उच्च साधनो एवं सामग्रियों से मेरी अर्चना करते हैं, परन्तु उनका मन भटकता ही रहता है। इस समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में होना चाहिए अतः मेरे दूतों को तुरंत उसे वैकुन्ठ लाने के लिए भेजो।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### दलबदल निरोधक कानून की प्रासंगिकता पर उठते सवाल

52वें संविधान संशोधन, 1985 के माध्यम से दलबदल विरोधी कानून लागू किया गया था। इसका उद्देश्य आया राम-गया राम की राजनीति पर अंकुश लगाना तथा राजनीतिक अस्थिरता और बार-बार होने वाले दल परिवर्तन को नियंत्रित करना था। लेकिन इतने वर्षों बाद भी यह प्रश्न कायम है कि इस संविधान संशोधन से राजनीति में दलबदल की प्रवृत्ति पर कितना प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो पाया है। इस कानून के तहत किसी जनप्रतिनिधि के दलबदल पर अयोग्यता का निर्णय सदन के अध्यक्ष के अधीन रखा गया है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे बिना किसी राजनीतिक दबाव के निष्पक्ष और समयबद्ध निर्णय लें, ताकि लोकतांत्रिक जवाबदेही और संसदीय मर्यादा मजबूत हो। - विकास उपाध्याय, धमतरी

## करंट अफेयर

### एजीयू के पुरस्कार विजेताओं में भारतीय वैज्ञानिक भी शामिल

भारतीय वैज्ञानिक रॉक्सी मैथ्यू कोल्ल और नीलिमा सत्यम को अनुसंधान, शिक्षा और उन्नत मृदा एवं अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और नेतृत्व के लिए अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन (एजीयू) के वर्ष 2026 के लिए दिए जाने वाले पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (युवा) से सम्मानित जलवायु वैज्ञानिक कोल्ल पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान में कार्यरत हैं। उन्हें एजीयू के 'पावेल एस. मोलचानोव क्लाइमेट कम्युनिकेशंस प्राइज' के लिए चुना गया है।





## ऑफ बीट

### ओरंगुटान की आवाज में छिपा भाषा का रहस्य

सुमात्रा ओरंगुटान का वैज्ञानिक नाम 'पोंगो अबेली' है जो एक वानर की प्रजाति है और सुमात्रा द्वीप में पाई जाती है। ओरंगुटान हमारे पशु परिवार से संबंधित हैं। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वज एक ही हैं और यह एक ऐसी प्रजाति है जो लाखों साल पहले रहती थी, जिससे हम दोनों विकसित हुए हैं। हमारी तरह, ओरंगुटान के भी हाथ होते हैं जो पकड़ सकते हैं, वे औजारों का इस्तेमाल कर सकते हैं और नयी चीजें सीख सकते हैं। हम अपने डीएनए का लगभग 97 प्रतिशत हिस्सा ओरंगुटान के साथ साझा करते हैं, जिसका मतलब है कि हमारे शरीर और दिमाग के कई हिस्से एक जैसे तरीके से काम करते हैं।



## ट्रेंड

### घरेलू उद्योग



सपा-बीएसपी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में अपराध का धंधा खूब फला-फूला; गाड़ियों की चोरी एक घरेलू उद्योग बन गई थी। आज उसी जमीन पर डिफेंस कॉरिडोर, गाड़ी बनाने की यूनिट्स और मेडिकल डिवाइस पार्क बनाए जा रहे हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### हार्दिक बधाई



मैं एशियाई खेल-2026 में देश के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल की मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर झज्जर की सुरुचि और रेवाड़ी के कमलजीत को हृदय की गहराइयों से हार्दिक बधाई देता हूं।

- नायब सैनी, सीएम, हरियाणा

### वोटर लिस्ट का एक्सेस



दिल्ली में बैठे कुछ लोगों के पास पूरे देश की वोटर लिस्ट का एक्सेस है। वे जिसे चाहें, उसका वोट जोड़ सकते हैं या उसका वोट हटा सकते हैं। हमारी मांग है कि पिछले 3 सालों में वोटर लिस्ट में किए गए सभी बदलावों को रद्द किया जाए और 3 साल पुरानी वोटर लिस्ट को बहाल किया जाए।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### एसआईआर प्रक्रिया



एसआईआर में अनियमितताएं सामने आने और निर्वाचन आयुक्तों के भी इनके बारे में बोलने के बाद केवल एक ही निष्कर्ष निकलता है कि पूरी एसआईआर प्रक्रिया को रद्द किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर सभी विपक्षी दलों को एकजुट होने की जरूरत है।

- राज ठाकरे, अध्यक्ष, मनसे

संक्षेप

## कच्ची दीवार गिरी, पत्नी की मौत

### पति गंभीर रूप से घायल, बारिश के चलते हुआ हादसा

अमेठी , पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण एक हादसा हुआ है। जामो थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव में आज सुबह एक कच्चे मकान की दीवार गिर गई। मलबे में दबकर पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों और ग्रामीणों ने दोनों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान 32 वर्षीय पत्नी उषा की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल पति रामकुमार पासी का इलाज अभी जारी है। जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी घर के पीछे बंधी भैंस को खोलने गए थे। तभी बारिश के चलते अचानक दीवार भरभरा कर गिर गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों की मदद और मुआवजे की मांग की है। जामो थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि अस्प्ताल से मिले डेथ मेमो के आधार पर शव को का कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।सुबह सात बजे से आठ बजे के बीच पति पत्नी घर के पीछे बंधी भैस खोलने गए थे जहाँ पुरानी जर्जर दीवार दंपति पर गिरी थी।महिला को मृत अवस्था मे ही अस्प्ताल लाया गया था।पति का इलाज चल रहा है।

## किशोरी से दुष्कर्म का दोषी, 20 साल की जेल

### घर में घुसकर वारदात को दिया अंजाम, 25 हजार का जुर्माना भी लगा

अमेठी ,एक साल पुराने दुष्कर्म के मामले में सुल्तानपुर की स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट अदालत ने दोषी सुरजीत निषाद को 20 साल जेल की सजा सुनाई है। उस पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।अर्थदंड न जमा करने पर तीन महीने की अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भी सुनाई गई है। मुसाफिरखाना कोतवाली के एक गांव में 20 जुलाई 2025 को 13 साल की किशोरी की मां ने ऋकफ दर्ज कराई थी। मां ने बताया कि घटना के दिन उसकी बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव का सुरजीत निषाद घर में घुस आया और किशोरी से दुष्कर्म कर उसकी पिटाई की।मामले की सुनवाई स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट नीरज कुमार श्रीवास्तव की अदालत में हुई। सरकारी वकील ने घटना से जुड़े सबूत और गवाह पेश किए। अदालत ने बृहस्पतिवार को सुरजीत को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट समेत अन्य अपराधों में दोषी ठहराया था।शुक्रवार को उसे जेल से पेश किया गया। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद अदालत ने यह सजा सुनाई।पुलिस द्वारा ऑपरेशन कनविक्शन के तहत कड़ी पैरवी करके आरोपी को एक साल में सजा सजा दिलाने में सफलता मिली है।

# छप्पर की दीवार गिरने से महिला की दबकर मौत, घर में मचा कोहराम

**सीएचसी पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

### तेज हवाओं और बारिश के बीच हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। खराब मौसम के बीच शनिवार सुबह थाना कैसरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवलखा में बड़ा हादसा हो गया।तेज हवाओं और बारिश के कारण मकान की दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर करीब 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार ननकई पत्नी कुंतीलाल, उम्र करीब 50 वर्ष, अपने बेटे आलोक के साथ घर में रह रही थीं।शनिवार सुबह करीब 8 बजे तेज हवा और बारिश के दौरान



पास स्थित मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई।दीवार के मलबे में ननकई दब गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में मलबा हटाकर महिला को बाहर निकाला। गंभीर हालत में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सूचना पर पहुंची पुलिस और राजस्व टीम

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल और कैसरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई पूरी की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय बहराइच भेज दिया। अचानक हुए हादसे से परिवार में मातम पसरा हुआ है। वहीं खराब मौसम के बीच ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल बना रहा।

# डीजे की धुन पर झूमें भक्त, गूंजे जयकारे

## गणपति विसर्जन पर निकली शोभायात्रा, जमकर उड़ा अबीर-गुलाल

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। थाना क्षेत्र रूपईडीहा के कस्बा बाबागंज की गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर भक्तों में काफी उत्साह दिखा।पुरानी बाजार बाबागंज से बड़ी संख्या में श्री बाल गणेश पूजा सेवा समिति के नेतृत्व में प्रतिमाएं लेकर गायघाट के लिए निकले। विसर्जन यात्रा में शामिल भक्तों के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

विसर्जन यात्रा में युवाओं और बच्चों का उत्साह देखने लायक था। डीजे की धुन पर भक्त नाचते हुए आगे बढ़ रहे थे।कई श्रद्धालु हाथों में अबीर-गुलाल लेकर एक-दूसरे को लगा रहे थे और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे लगा आगे बढ़ रहे थे। यात्रा में महिलाएं और बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ गणेश प्रतिमा को लेकर गाय घाट पहुंचे। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर



भक्तों ने खूब डांस किया और 'गणपति बप्पा' के जयकारों से पूरा माहौल गूंज उठा। श्रद्धालुओं के चेहरों पर उत्साह और आस्था साफ दिख रही थी।

विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालु पूरे रास्ते गणेश भगवान के जयकारे लगाते रहे।गायघाट पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने प्रतिमा के सामने पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धा के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान घाट पर भी भक्तों की भीड़ रही और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती गई।इस मौके पर समिति अध्यक्ष आदेश गुप्ता, आदर्श जायसवाल, गोविन्द गुप्ता, प्रीतम गुप्ता, नितिन गुप्ता,अमित सोनी, कन्हैया गुप्ता सहित सुरक्षा व्यवस्था हेतु थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा, चौकी इंचार्ज बाबागंज मानवेन्द्र प्रताप सिंह आरक्षी शमशेर अहमद, सत्यम सोनी, अर्जुन मौर्य, शिवा सिंह, झलक तिवारी, धनु कुमार आदि उपस्थिति रहे।

# आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम पाही, भैरमपुर, और धानीखेड़ा में आयोजित किया गया।रेसिपी प्रतियोगिता में पोषण युक्त व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया जिसमें स्थानीय तौर पर उपलब्ध सामग्री से पौष्टिक आहार बनाने और उसका प्रचार प्रसार किया गया।जिसमे पाही में हुए कार्यक्रम में कैलाव की आंगनवाड़ी पियूष को प्रथम, जंगलीखेड़ा की रीना देवी को द्वितीय और बाबूखेड़ा की सरोज देवी को तीसरा स्थान मिला। भैरमपुर में रेसिपी प्रतियोगिता में जगतखेड़ा की आंगनवाड़ी रेखा देवी को प्रथम, शुक्लाखेड़ा की आंगनवाड़ी मोहिनी को द्वितीय, भैरमपुर की आंगनवाड़ी को सविता को तृतीय स्थान मिला। धानीखेड़ा में रेसिपी प्रतियोगिता में



अलीपुर की आंगनवाड़ी मीना सिंह को प्रथम, निहालीखेड़ा की आंगनवाड़ी सविता को द्वितीय और बैगुलालखेड़ा की आंगनवाड़ी मधु मिश्रा को तृतीय स्थान मिला है।पाही में बाल विकास परियोजना अधिकारी निशि श्रीवास्तव व अन्य में सेक्टर नोडल के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# 48 घंटे से बारिश का कहर, 6 मवेशियों की मौत, पिता-पुत्रियां घायल, कई मार्ग बंद


अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। समूचे जनपद में पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही बारिश ने शनिवार को ग्रामीण इलाकों से लेकर प्रमुख मार्गों तक जनजीवन को प्रभावित कर दिया। अचलगंज थाना क्षेत्र के आटा बंथर गांव में नीरज का कच्चा घर बारिश के कारण भरभराकर गिर गया, मलबे में दबने से छह मवेशियों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने मलबा हटाकर पशुओं को बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं आशा खेड़ा गांव में दीवार गिरने से पिता और उनकी दो बेटियां घायल हो गईं, जिन्हें स्थानीय लोगों ने मलबे से बाहर निकाला। लगातार बारिश से कच्चे मकानों को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है।इधर सई नदी का जलस्तर बढ़ने से रसूलपुर बकिया मार्ग पर कई फीट पानी बह रहा



है, जिससे तेज बहाव के कारण आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। इसके अलावा गंगा एक्सप्रेसवे पर बशीरतगंज टोल के पास करीब तीन फीट पानी भर जाने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। जिले के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति है और ग्रामीणों का कहना है कि बारिश जारी रही तो समस्या और बढ़ सकती है। प्रशासन ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है।

# बारिश से कई जगह गिरे पेड़ विद्यालय की गिरी बाउंड्रीवाल



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर , उन्नाव। लगातार होने वाली बारिश से अलग-अलग मार्गो पर गिरे पेड़ से मार्ग अवरुद्ध रहे वही एक प्राथमिक पाठशाला की बाउंड्री वाल पलट गई । लगातार हो रही वर्षा से शनिवार सुबह सफीपुर-परियर मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र गाव जमालनगर गैर एहतेमाली समीप सड़क किनारे खड़ा आम का पेड़ गिर गया सूचना पर गाव प्रशासक प्रतिनिध सर्वेश कुमार ने पेड़ की टहनियां काट हटवाया दो घंटे मार्ग अवरुद्ध रहा इसी पंचायत के अमरा खेड़ा में प्राथमिक पाठशाला की बाउंड्री वाल पलट गई ।शनिवार सुबह मियागज-सफीपुर मार्ग पर राजकीय कन्या इंटर कालेज समीप पेड़ गिर जाने से एक घंटा मार्ग अवरुद्ध रहा वन विभाग के लोगो ने पेड़ कटवा मार्ग का आवागमन शुरू कराया ।

# बारिश-जलभराव के बीच बन रहा एक करोड़ का नाला

## व्यापारियों ने घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाकर जांच की मांग की

अमन लेखनी समाचार



अमेठी नगर पंचायत में निमार्णाधीन एक करोड़ के नाले में इंजीनियरिंग का अजब नमूना देखने को मिल रहा है।तेज बारिश और घुटने भर पानी के बीच ठेकेदार नाले का निर्माण करा रहा है।स्थानीय व्यापारियों ने निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। अमेठी में इंजीनियरिंग का नायाब नमूना देखने को मिल रहा है। नगर पंचायत अमेठी के सुल्तानपुर रोड पर लगभग एक करोड़ की लागत से बन रहे नाले का निर्माण तेज बारिश और जलभराव के बीच कराया जा रहा है। घुटनों तक भरे पानी में हो रहे निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने गुणवत्ता पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि नाला निर्माण में घटिया सामान का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस्तेमाल की जा रही बालू की गुणवत्ता खराब है, सीमेंट मानक के अनुरूप नहीं है और एस्टीमेट में निर्धारित सरिया की तुलना में मौके पर काफी कम और पुरानी सरिया लगाई जा रही है।व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने बताया कि इसकी शिकायत पूर्व में डीएम और एसडीएम से की जा चुकी है लेकिन अभी तक जांच नहीं हुई। व्यापारियों का कहना है कि नाले की ऊंचाई और गहराई कई स्थानों पर अलग-अलग है जिससे जल निकासी की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मौके पर आपत्ति जताने वालों में सुशील जायसवाल, संदीप अग्रहरि, पवन वर्मा, कमल सरोज, रमेश राव, पवन वैश्य, आनंद बरनवाल सहित कई व्यापारी शामिल रहे। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नाले के निर्माण की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराकर एस्टीमेट, एमबी, सामग्री और सरिया की मात्रा का सत्यापन कराया जाए और दोषी पर कार्रवाई की जाए। पूरे मामले पर नगर पंचायत के जेई अमित पाठक ने बताया कि ठेकेदार को नोटिस जारी किया है लेकिन अभी तक जवाब नही मिला है।अगर नाला निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है तो उसे गिराकर फिर से निर्माण कराया जाएगा।

# पोता जीता तो 98 साल की दादी जमकर नाचीं

**बोलीं-गांव आएगा तो फिर डांस करूंगी; अलीगढ़ के गुलवीर ने एशियन गेम्स में जीता सिल्वर**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ, एथलीट गुलवीर सिंह ने जापान में हो रहे एशियन गेम्स में 10 हजार मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीता।पोते की इस उपलब्धि की खबर सुनकर उनकी 98 साल की दादी गेंदो देवी खुशी से नाचने लगीं।वह तब तक नाचती रहीं, जब तक उनकी सांस नहीं फूली।दादी ने कहा- अब शरीर में वो करंट नहीं रहा, ताकत भी नहीं रही। लेकिन, मेरा गोलू जब गांव आएगा तो मैं फिर से नाचूंगी। गुलवीर जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर सिरसा गांव के रहने वाले हैं।इससे पहले उन्होंने 2023 में चीन के हांगझोउ में हुए एशियन गेम्स में 10 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था। बड़े भाई मोनू ने बताया- गुलवीर की अभी 2 दौड़ें बाकी हैं।हमें उम्मीद है कि इस बार भाई गोल्ड मेडल




जीतकर गांव लौटेगा।

### 10 महीने से गांव नहीं आया, अक्टूबर में घर लौटेगा

गुलवीर एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता पप्पू सिंह खेती करते हैं। तीन भाइयों में गुलवीर सबसे छोटे हैं।उनसे बड़े नरेश और मोनू हैं।गुलवीर की पत्नी बबिता और 2 बेटियां हैं। बड़ी बेटी परी ढाई साल की, जबकि छोटी सावी 6 महीने की है। परिवार के मुताबिक, गुलवीर करीब 10 महीने से गांव नहीं आए हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स की तैयारी के चलते उनका ज्यादातर समय ट्रेनिंग और प्रतियोगिताओं में बीता। गुलवीर की कामयाबी से मां लक्ष्मी देवी भी बहुत खुश हैं। उनको उम्मीद है कि एशियन गेम्स के बाद बेटा अक्टूबर में गांव लौट सकता है।

### बहन की शादी में भी नहीं आए थे गुलवीर

गुलवीर के खेल के प्रति समर्पण की कहानी परिवार के त्याग से भी जुड़ी है। इसी साल फरवरी में उनकी बहन की शादी थी, लेकिन गुलवीर इसमें शामिल नहीं हो सके थे। बहन को दुख न हो, इसलिए गुलवीर फोन पर उसे भरोसा दिलाते रहे कि वह शादी में आ रहे हैं।कभी कहते कि फ्लाइट में हैं, तो कभी रास्ते में होने की बात कहते। परिवार भी बहन को यही बताता रहा।लेकिन, बहन की विदाई तक गुलवीर नहीं पहुंचे।बाद में परिवार ने बेटी को बताया कि गुलवीर खेल की तैयारी और प्रतियोगिताओं में व्यस्त हैं।

# फायरिंग के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

## 12 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद, 2 आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर, अखंडनगर थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने शनिवार शाम 5 बजे आरोपी शिवम राजभर को गिरफ्तार किया।उसके पास से 12 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, 23 सितंबर को सरावां गांव में राजन गौतम को गोली मारकर घायल किया गया था। इलाज के लिए उन्हें लखनऊ भेजा गया था, जहां अब उनकी हालत ठीक बताई जा रही है।

### पूछताछ में चुनावी रंजिश की बात सामने आई

पुलिस पूछताछ में शिवम राजभर ने बताया कि राजन गौतम और शुभम शुक्ला के बीच आने वाले प्रधानी चुनाव को लेकर पुरानी दुश्मनी थी। पुलिस के मुताबिक, इसी रंजिश में हमला किया गया। मामले में चंदन राजभर और शुभम शुक्ला के खिलाफ



एफआईआर दर्ज की गई थी।

### दो फरार आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम

पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी चंदन राजभर और शुभम शुक्ला की गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

### पत्नी के साथ स्कूटी से लौट रहे थे राजन

घायल राजन की मां इशरावती के मुताबिक, उनका बेटा राजन पत्नी करिश्मा के साथ स्कूटी से अलीपुर बाजार से लौट रहा था। पंचायत भवन के पास चंदन पुत्र पन्नालाल और उसके एक साथी ने उनकी स्कूटी रोक ली। आरोप है कि चंदन ने तमंचे से राजन पर गोली चला दी।

### पत्नी से मारपीट का भी आरोप

इशरावती का आरोप है कि गोली लगने से राजन गंभीर रूप से घायल हो गए। चंदन के साथी ने राजन की पत्नी करिश्मा के साथ भी मारपीट की। आसपास के लोगों के पहुंचने पर दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए।गोली लगने के बाद राजन को निजी साधन से सीएचसी अखंडनगर ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

वहां से बेहतर इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया था।

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत का मामला

**सपा का 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आज मोलनापुर जाएगा, परिवार से मिलेगा**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,पट्टी कोतवाली में मोलनापुर निवासी शैलेश उर्फ अर्जुन की पुलिस हिरासत में मौत के मामले में शनिवार को समाजवादी पार्टी का 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मृतक के घर पहुंचेगा। प्रतिनिधिमंडल मोलनापुर जाकर परिजनों से घटना की जानकारी लेगा टीम में सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल, पुष्पेंद्र सरोज, विधायक त्रिभुवन दत्त, तूफानी सरोज, डॉ. आरके वर्मा, रामसिंह पटेल, मिठाईलाल भारती, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पूर्व विधायक नागेंद्र यादव मुन्ना, राजकुमार पाल, पूर्व प्रत्याशी विजय



यादव और आरके भीम शामिल हैं।किशोरी अपहरण मामले में कोतवाली लाया गया था पुलिस के अनुसार, अर्जुन को सोमवार को किशोरी के अपहरण से जुड़े मामले में पट्टी कोतवाली लाया गया था।पुलिस का दावा है कि उसने कोतवाली के शौचालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, मृतक के पिता ने किशोरी के पिता और भाई के साथ पुलिसकर्मियों पर भी हत्या का आरोप लगाया है। आरोपों को लेकर जांच जारी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर अभी कोई निष्कर्ष नहीं मामले की मजिस्ट्रियल जांच चल रही है।पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को लेकर अभी कोई निष्कर्ष सामने नहीं आया है। एसपी ने पोस्टमॉर्टम की वीडियो रिकॉर्डिंग और रिपोर्ट स्टेट मेडिकल लीगल सेल को भेजी है।

# प्रतापगढ़ जाने से पहले सपा विधायक हाउस अरेस्ट

## पीड़ित परिवार से मिलना था, अर्जुन गौतम के परिजनों से मिलने जा रहे थे

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ जाने से पहले सपा विधायक हाउस अरेस्ट, पीड़ित परिवार से मिलना था।समाजवादी पार्टी के विधायक डॉ. आर.के. वर्मा को प्रयागराज के सोरांव स्थित उनके घर पर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है।उन्हें प्रतापगढ़ में पुलिस हिरासत में मृत दलित युवक अर्जुन गौतम के पीड़ित परिवार से मिलने जाने से रोका गया है। सपा विधायक डॉ आरके वर्मा ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट लगाया आरोप कहा...बुद्ध के देश में गिद्ध का शासन लोकतंत्र व संविधान की हत्यारी भाजपा सरकार का डर इस कदर बढ़ गया है की सरकार गिरने के सबसे निम्न स्तर से भी नीचे गिर चुकी है। प्रतापगढ़ के पट्टी कोतवाली मोलनापुर निवासी पुलिस कस्टडी में मृत दलित युवक अर्जुन गौतम के पीड़ित परिजनों से मिलने बात छोड़िए



हमें अपने बीमार पिता जिनका ऑपरेशन हुआ है यश हॉस्पिटल प्रयागराज में इलाज चल रहा है उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है।एक पुत्र अपने पिता से मिल नहीं सकता बीमारी में उनकी सेवा नहीं कर सकता सरकार की ये संवेदनहीनता निंदनीय,मानवता के लिए कलंक है।भाजपा जाए तो मानवता वापस आए।विधायक वर्मा का आरोप है कि पुलिस उन्हें अस्पताल में भर्ती अपने बीमार पिता से भी मिलने नहीं दे रही है। उनके पिता का ऑपरेशन हुआ है और वे यश हॉस्पिटल प्रयागराज में भर्ती हैं।सपा सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने भी बताया कि उन्हें शुक्रवार रात मोलनापुर जाकर पीड़ित परिवार से मिलने से रोका गया। सपा जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी को भी शुक्रवार शाम से उनके घर पर नजरबंद किया गया है पुलिस कस्टडी में मृत अर्जुन गौतम के परिवार से मिलने पर रोक, सपा विधायक हाउस अरेस्ट। कार्रवाई पर नाराजगी जताई विधायक डॉ. आर.के. वर्मा ने सोशल मीडिया पर इस कार्रवाई पर नाराजगी जताई।उन्होंने लिखा कि सरकार के डर के कारण ऐसा किया जा रहा है। सपा नेताओं ने पुलिस अभिरक्षा में हुई अर्जुन गौतम की मौत की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों को पीड़ित सपा नेताओं ने पुलिस अभिरक्षा में हुई अर्जुन गौतम की मौत की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## संक्षेप

### ब्लैकमेलिंग और अवैध संबंध छिपाने के लिए हुई थी हत्या

**महंत पुलिस रिमांड पर, बाइक और नशीली दवाओं के रैपर बरामद**

बागपत ,लहचौड़ा स्थित गणेश मंदिर में हुए दोहरे हत्याकांड के आरोपी महंत नरेशनाथ को पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर मृतक इसरार की बाइक और मंदिर परिसर से नशीली दवाओं के रैपर बरामद किए गए। 12 घंटे की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद महंत को दोबारा जेल भेज दिया गया। 13 अगस्त को मंदिर से मिले थे दो शव 13 अगस्त को गणेश मंदिर से सिंगोली तगा निवासी अंकित और इसरार के शव मिले थे। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने महंत नरेशनाथ को आरोपी बनाया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में महंत ने बताया कि अंकित उसके और अपनी बहन के आपत्तिजनक फोटो देखकर उसे ब्लैकमेल कर रहा था और पैसे मांग रहा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने कथित अवैध संबंध की बात सामने आने के डर से दोनों की हत्या की साजिश रची। 35 हजार रुपए लेने आए थे अंकित और इसरार पुलिस के मुताबिक, अंकित इसरार के साथ महंत से 35 हजार रुपए लेने आया था। रुपए नहीं मिलने पर दोनों को नशीली चाय पिलाकर हत्या करने की योजना बनाई गई। इसके बाद महंत ने अपने शिष्यों के साथ मिलकर दोनों को नशीला इंजेक्शन दिया और उन्हें जमीन में गाड़ दिया। पुलिस के अनुसार, इसरार को इसलिए भी निशाना बनाया गया ताकि वह घटना की जानकारी किसी को न दे सके। बाइक और नशीली दवाओं के रैपर बरामदथाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान महंत की निशानदेही पर हत्या के मामले से जुड़ी नशीली दवाएं और मृतक इसरार की बाइक बरामद की गई है। मंदिर से नशीली गोलियों के रैपर भी मिले हैं। पुलिस मामले में शिष्यों की भूमिका समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### गैंगस्टर के दोषी को 5 साल की सजा

**कोर्ट ने 5 हजार रुपए जुर्माना लगाया; 2021 में दर्ज हुआ था केस**

बागपत ,गैंगस्टर एक्ट के मामले में बागपत न्यायालय ने बीके उर्फ बिरेन्द्र को दोषी ठहराते हुए पांच साल की कैद और पांच हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। अपर जिला जज एफटीसी प्रथम की अदालत ने यह फैसला सुनाया। पुलिस के मुताबिक, मामले में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी की गई थी। 2021 में दर्ज हुआ था गैंगस्टर एक्ट का केसपुलिस के अनुसार, गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र के गनौली निवासी बीके उर्फ बिरेन्द्र पुत्र सच्चेराम उर्फ श्यामलाल के खिलाफ चांदीनगर थाने में वर्ष 2021 में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले को ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित किया गया। इसके बाद बागपत पुलिस और अभियोजन विभाग की ओर से लगातार न्यायालय में पैरवी की गई।साक्ष्य और तथ्यों के आधार पर सुनाया फैसला पुलिस के मुताबिक, अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष मामले से जुड़े साक्ष्य और तथ्य प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किए। शुक्रवार को सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने बिरेन्द्र को दोषी ठहराते हुए पांच साल के कारावास और पांच हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर अपराधों में दोषियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस और अभियोजन की ओर से प्रभावी पैरवी आगे भी जारी रहेगी।

## रिमझिम बारिश ने ढाया कहर क्षेत्र के कई गांव में मकान हुए धराशाई

### सूचना मिलते ही खंड विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के सभी क्षेत्रों में हो रही तेज तथा रिमझिम बारिश ने लगातार तीन दिन से कहर ढा रखा है जहां जनपद के कई क्षेत्रों में घरगिरी जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो गई जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव भागलपुर में दो मकान ग्रामीण विनोद निषाद तथा रामबाबू निषाद के धराशाई हो गए वहीं क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरहन बुजुर्ग के मजरे बरमपुर के ग्रामीण हीरालाल प्रजापति का कच्चा मकान रिमझिम बारिश के चलते गिर गया जहां मकान गिरने से गृहस्थी का काफी सामान छत के नीचे दब गया मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण मजदूर हीरालाल कच्चे मकान में अपनी पत्नी सोनिया पुत्र अनिल तथा पुत्रवधू सरोज के साथ जीवन यापन करता है ठीक इसी प्रकार विकासखंड क्षेत्र के पहाड़पुर बड़िगवां निवासिनी अंजू पत्नी अर्जुन सिंह का मकान भी पूरी तरह से धराशाई हो गया जहां छोटे-छोटे बच्चों के साथ महिला जीवन यापन कर रही है ठीक इसी प्रकार क्षेत्र के मदरी गांव के निवासी सतीशचंद्र मिश्रा के मकान की छत गिर जाने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया वही मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र वासियों का काफी नुकसान हुआ परंतु किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई सूचना मिलते ही अमौली विकासखंड के खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे विकासखंड क्षेत्र के अनेक स्थानों में पहुंचकर निरीक्षण किया वही जानकारी लेने पर खंड विकास अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण में क्षेत्र के काफी मकान क्षतिग्रस्त पाए गए हैं जहां पात्रता सूची की जांच करते हुए लाभार्थियों को जल्द ही मुख्यमंत्री आवास का लाभ देने का भी आश्वासन दिया वहीं इस समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को सांत्वना देते हुए खंड विकास अधिकारी ने विभागीय कर्मचारियों को भी इस कार्य के लिए निर्देशित किया।



क्षतिग्रस्त मकानों का निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी तथा पीड़ित

## थाना परिसर में आयोजित हुआ जन समस्या कार्यक्रम

### जनपद के उच्च अधिकारियों ने पहुंचकर फरियादियों की सुनी गुहार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के कल्याणपुर थाना प्रांगण में कल समाधान दिवस आयोजित किया गया आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में पहुंची जिलाधिकारी निधी गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जन समस्या कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम अंतर्गत पहुंचे क्षेत्र वासियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उच्च अधिकारियों के सामने रखा जहां कई दिनों से हो रही बारिश के कारण जमीनी विवाद को लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उच्च अधिकारी ने जनपद के बिंदकी तहसील उप जिलाधिकारी निशांत तिवारी को मामले की जांच करने के लिए निर्देशित किया वही समाधान दिवस अंतर्गत सबसे विवादित मामला थाना क्षेत्र के पहुर गांव में स्थापित होने वाली डालमिया ग्रुप की सीमेंट फैक्ट्री हेतु खरीदी गई जमीन तक पहुंचाने के लिए मूल मार्ग को लेकर दो पक्षों में विवाद सामने आया जहां थाना प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने मामले की पूरी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी वहीं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि कोई भी छोटी या बड़ी घटना को नजरअंदाज ना किया जाए तथा उसका त्वरित निस्तारण किया जाए वही कार्यक्रम के दौरान थाना क्षेत्र के राजस्व अधिकारी लेखपाल कर्मचारी एवं भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे



## कत्था फैक्ट्री के निदेशक की कार एक्सीडेंट में हुई मौत




मृतक निदेशक पवन कुमार अग्रवाल - फाइल फोटो

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के चौडगरा क्षेत्र अंतर्गत स्थापित कत्था फैक्ट्री तिरुपति वुड्स कंपनी के निदेशक पवन कुमार अग्रवाल की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार निदेशक पवन कुमार कल शनिवार सुबह पहर लगभग 10 बजे अपनी फॉर्च्यूनर चार पहिया वाहन कार से चौडगरा फैक्ट्री आ रहे थे ठीक उसी समय महोली जनपद कानपुर के समीप इलाहाबाद कानपुर मार्ग हाईवे में अचानक अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर के समीप से कानपुर की तरफ जा रहे एक ट्रक से जा टकराई तेज रफ्तार वाहन के टकराने से निदेशक पवन कुमार अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई यह जानकारी जैसे ही चौडगरा औद्योगिक क्षेत्र के अन्य फैक्ट्री मालिकों कर्मचारी या अन्य उच्च अधिकारियों को मिली तो सभी मौके पर पहुंचे तथा शोक संवेदना व्यक्त की वही यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया स्थानीय पुलिस प्रशासन ने निदेशक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## सिपाही ने शादी का झांसा देकर किशोरी से रेप किया

### मेरठ के होटल में बुलाकर न्यूड वीडियो बनाया, स्नैपचैट पर हुई थी दोस्ती

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, लोहियानगर थाना क्षेत्र की एक किशोरी ने आगरा में तैनात यूपी पुलिस के सिपाही पर रेप का आरोप लगाया है। किशोरी ने एसएसपी ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई है। उसका कहना है कि सिपाही ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार रेप किया। किशोरी के मुताबिक, उसकी सिपाही से स्नैपचैट के जरिए दोस्ती हुई थी। करीब दो महीने तक बातचीत के बाद सिपाही ने उसे शादी का वादा किया। भरोसा जीतने के बाद सिपाही ने उसे एक होटल में बुलाया और उसके साथ रेप किया। पीड़िता ने बताया कि सिपाही ने मेरठ के साथ ही आगरा में भी कई बार उसके साथ रेप किया। शिकायत में यह भी आरोप है कि सिपाही ने उसका न्यूड वीडियो भी बनाया। किशोरी ने अधिकारियों को कुछ फोटो और अन्य सबूत भी दिखाए हैं। करीब एक महीने पहले सिपाही ने किशोरी को रोहटा रोड पर बुलाया और एक होटल में ले गया। जब किशोरी ने शादी की बात कही, तो सिपाही ने उसकी पिटाई की। आरोप है कि उसने सरकारी पिस्टल दिखाकर उसे डराया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। किशोरी का दावा है कि आरोपी ने उसके माता-पिता को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। किशोरी ने कंकरखेड़ा और लोहियानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उसका आरोप है कि शिकायत की जानकारी आरोपी और उसकी मां तक पहुंच गई। इसके बाद दोनों थाने पहुंचे और वहां किशोरी के साथ मारपीट की गई। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने शिकायत की जांच सीओ महिला थाना को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं अधिकारियों का कहना है कि सिपाही के द्वारा भी किशोरी के खिलाफ हनी ट्रैप में फसाने के चलते शिकायत पत्र दिया गया है उसकी भी जांच चल रही है जांच के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।



## घर में 60 किलो अवैध बारूद मिला

**आबादी के बीच बन रही थी आतिशबाजी, मकान मालिक गिरफ्तार; आरोपी फरार**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में पुलिस ने रात एक किराए के मकान से करीब 60 किलो अवैध बारूद बरामद किया। अहमदनगर की गली नंबर-14 स्थित मकान में आबादी के बीच आतिशबाजी तैयार करने की तैयारी चल रही थी। पुलिस की कार्रवाई के दौरान आतिशबाजी बनाने वाले आरोपी मौके से भाग गए। मकान मालिक कय्यूम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सूचना के आधार पर टीम ने उसके घर पर छापा मारा था। तलाशी के दौरान बारूद और आतिशबाजी बनाने में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री मिली। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश के साथ यह पता लगा रही है कि बारूद कहां से लाया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस ने मारा छापा पुलिस को अहमदनगर गली नंबर-14 में कय्यूम के मकान में बारूद और दूसरी सामग्री जमा होने की जानकारी मिली थी। रात पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम के पहुंचते ही वहां मौजूद लोग भाग निकले। तलाशी में मकान के अंदर करीब 60 किलो बारूद बरामद हुआ। पुलिस ने मकान मालिक कय्यूम को पकड़ लिया, जबकि आतिशबाजी तैयार करने वाले आरोपी निकलने में कामयाब रहे।




### घनी आबादी में जमा था बारूद

जिस मकान से सामग्री मिली, वह घनी आबादी के बीच स्थित है। ऐसे स्थान पर बड़ी मात्रा में बारूद रखे जाने से आसपास रहने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। पुलिस अब मामले से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। फरार आरोपियों की तलाश में दबिश पुलिस फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इसके साथ ही बरामद बारूद के स्रोत और मकान मालिक को इसके बारे में जानकारी थी या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है।

## 3 साल की बेटी-मां एक फंदे से लटकी मिली

### बालाजी के दर्शन करके लौटा था परिवार, गाजियाबाद में पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, शाम मां-बेटी के शव एक ही फंदे पर लटके मिले। महिला का पति पानी लेने गया था। कुछ देर बाद घर लौटा तो पत्नी और 3 साल की बेटी को फंदे पर लटका देख घबरा गया। पति से मिली सूचना पर खोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मां-बेटी के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया मृतकों की पहचान शंकर विहार कॉलोनी की रहने वाली प्रीति (30) और 3 साल की बेटी अक्षिता के रूप में हुई। महिला पति के चरित्र पर शक करती थी। इसी बात को लेकर आज दोपहर को दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। घटना खोड़ा गांव में शाम साढ़े 7 बजे की है। महिला और बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाने के बाद पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है। 5 साल पहले हुई थी प्रीति-अनिरुद्ध की शादी डीसीपी ट्रांस हिंडन ऋजुल ने बताया- हरदोई के रहने वाले अनिरुद्ध की शादी 2021 में उन्नाव की रहने वाली प्रीति से हुई थी। पिछले चार साल से दोनों गाजियाबाद के खोड़ा गांव के शंकर विहार कॉलोनी में किराए पर रह रहे थे। अनिरुद्ध मैक्स हॉस्पिटल में काम करता है। हाल ही में परिवार राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करके लौटा था। घटना के समय अनिरुद्ध उर्फ सोनू पीने का पानी और पत्नी की दवा लेने के लिए बाहर गया था। इसी दौरान प्रीति ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। आशंका है कि महिला ने पहले बेटी की हत्या की। इसके बाद बच्ची को लेकर खुद भी फंदे से लटक गई।



अक्षिता, मृतक बच्ची | प्रीति, मृतक

### बहन बोली- काफी देर खटखटाने के बाद दरवाजा नहीं खुला

अनिरुद्ध की बहन रिंकी मकान के निचले हिस्से में परिवार के साथ रहती है।

उसी ने अनिरुद्ध को घटना की सूचना दी। परिजनों और आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर पत्नी और बेटी के शव फंदे पर लटके मिले। इसके बाद अनिरुद्ध ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। रिंकी ने बताया- मेरी लड़की शाम को पहली मंजिल पर अपनी मामी के कमरे में गई थी। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा हाथ से बजाती रही। दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से देखा। बेटी अंदर का नजारा देखकर घबरा गई। वह भागकर आई और बोली- मम्मी, जल्दी चलो। ऊपर देखो मामी और अक्षिता लटकी हुई हैं। मैं जब वहां पहुंची तो भाभी और भतीजी को फंदे पर लटके देखा। इसके बाद भाई को फोन करके बुलाया।

## जेल की बेकरी यूनिट से बाजार पहुंचेगा बंदियों का हुनर

### सांसद निधि से हुई स्थापना, अब ब्रेड के साथ बिस्कुट, केक जैसे उत्पाद होंगे तैयार

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में बंदियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया। सांसद निधि से करीब 20 लाख रुपये की लागत से तैयार बेकरी यूनिट का शाम मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट के सांसद अरुण गोविल ने शुभारंभ किया। अब तक जेल में भट्ठियों के जरिये बंदी मुख्य रूप से ब्रेड तैयार कर रहे थे, लेकिन नई यूनिट से बेकरी के कई तरह के उत्पाद तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने सांसद अरुण गोविल के स्वागत के साथ की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जेल पहुंचने पर सांसद को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।



### 20 लाख की सांसद निधि से तैयार हुई यूनिट

वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने बताया कि बेकरी यूनिट की स्थापना पर करीब 20 लाख रुपये सांसद निधि से खर्च किए गए हैं। इसका उद्देश्य बंदियों को जेल में ही ऐसा हुनर उपलब्ध कराना है, जिसका इस्तेमाल वह रिहाई के बाद रोजगार हासिल करने में कर सकें।

### ब्रेड के साथ अब कई बेकरी उत्पाद

अभी तक जेल में उपलब्ध पुरानी भट्ठियों के माध्यम से बंदियों द्वारा मुख्य रूप से ब्रेड तैयार की जाती थी। नई यूनिट शुरू होने के बाद बंदी अब बेकरी के विभिन्न उत्पाद तैयार कर सकेंगे। इससे उन्हें उत्पादन, पैकेजिंग और बाजार से जुड़े काम का व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा।

### जेल से बाहर आउटलेट तक पहुंचेगा उत्पाद

जेल प्रशासन के मुताबिक, नई यूनिट में तैयार होने वाले उत्पादों को केवल कारागार की जरूरतों तक सीमित नहीं रखा जाएगा। इन्हें जेल के बाहर संचालित आउटलेट पर भी डिस्प्ले किया जाएगा। इसके जरिये उत्पादों को व्यावसायिक क्षेत्र में पहचान दिलाने और बंदियों के तैयार किए सामान को बाजार तक पहुंचाने की योजना है।

### हुनर से पुनर्वास की राह पर बंदी

जेल प्रशासन का कहना है कि बंदियों को केवल सजा पूरी कराने के बजाय उन्हें कौशल और रोजगार से जोड़ना पुनर्वास की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बेकरी यूनिट के माध्यम से बंदियों को काम सीखने और अपने उत्पाद तैयार करने का अवसर मिलेगा। रिहाई के बाद यही प्रशिक्षण उनके लिए रोजगार का आधार बन सकता है। गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ स्वागतबेकरी यूनिट के उद्घाटन से पहले सांसद अरुण गोविल को जिला कारागार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ यूनिट का निरीक्षण किया और बंदियों के लिए शुरू की गई इस रोजगारपरक पहल की जानकारी ली।

## 4 लोगों से ठगे 95 लाख

**जमीन, बैंक खाते और टेलीग्राम पर निवेश के नाम पर की गई ठगी, जांच कर रही पुलिस**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , साइबर अपराधियों ने अलग-अलग तरीकों से चार लोगों से करीब 95.69 लाख रुपये ठग लिए। किसी से जमीन खरीदने के नाम पर रकम हड़पी गई तो किसी के बैंक खाते से फर्जी तरीके से पैसे निकाले गए। वहीं एक पीड़ित को टेलीग्राम पर पार्ट टाइम काम और निवेश का झांसा देकर 6.69 लाख रुपये ठग लिए गए। चारों मामलों में साइबर थाने में मुकदमे दर्ज किए गए हैं।बिना बताए और जमीन खरीद के नाम पर ठगीइलाहाबास गांव निवासी सुनील से जुड़ा है। उनकी शिकायत के अनुसार साइबर अपराधियों ने बैंक खाते से बिना जानकारी के 19 लाख रुपये निकालकर दूसरे खाते में भेज दिए। शिकायत में घटना की तारीख 15 अक्तूबर 2025 बताई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में ग्रेटर नोएडा निवासी शशांक शेखर से जमीन खरीदने के नाम पर ठगी की गई। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने जमीन खरीदने का ऑनलाइन प्रचार किया और इसके जरिए उनसे संपर्क किया। 7 नवंबर 2024 से 22 जुलाई 2025 के बीच हुई धोखाधड़ी में उनके साथ 55 लाख रुपये की ठगी होने का आरोप है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिवार पर हमला

### ग्रेटर नोएडा में घर में घुसकर रॉड और धारदार हथियार से पीटा, 5 लोग घायल

अमन लेखनी समाचार



जेवर , ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली इलाके के उस्मानपुर गांव में एक नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर पड़ोस के लोगों ने उसके परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से मारपीट की। इस घटना में चार महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार ने शाम 4 बजे कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ शिकायत की है। पीड़ित परिवार के मुताबिक, उनकी नाबालिग बेटी गुरुवार शाम 6 बजे घर से थोड़ी दूर किसी काम से गई थी। आरोप है कि इस दौरान पड़ोस के कुछ युवकों ने उस पर अश्लील टिप्पणी की और छेड़छाड़ की। घर लौटने पर किशोरी ने अपने परिवार को घटना के बारे में बताया। परिवार का कहना है कि आरोपी पहले भी उसके साथ ऐसी हरकतें कर चुके हैं। इसके बाद परिवार के लोग आरोपियों के घर पहुंचे और उन्हें भविष्य में ऐसी हरकत न करने की चेतावनी दी। आरोप है कि इससे नाराज आरोपियों ने पीड़ित परिवार के घर में घुसकर लोहे की रॉड और धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस मारपीट में पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बस हादसे में सभी 9 मृतकों की पहचान हुई

### महोबा के भाजपा नेता की पत्नी-बेटे भी शामिल, स्लीपर बस में जिंदा जले थे

अमन लेखनी समाचार

नोएडा,यमुना एक्सप्रेसवे पर रात आग का गोला बनी स्लीपर बस में जिंदा जले सभी 9 यात्रियों की पहचान हो गई है। गुरुवार को 6 मृतकों की पहचान के बाद तीन और शवों की पहचान कर ली गई। इनमें महोबा के भाजपा नेता नीरज गुप्ता की पत्नी सुनीता गुप्ता और बेटा शशांक गुप्ता भी शामिल हैं। तीसरे मृतक की पहचान सूरजपुर की सीताराम कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश के रूप में हुई है।




शशांक, बेटा | सुनीता, मां

### 25 यात्रियों ने बस से कूदकर बचाई जान

दिल्ली के कश्मीरी गेट से महोबा जा रही स्लीपर बस रात जेवर कोतवाली क्षेत्र में अचानक आग की लपटों में घिर गई थी। कुछ ही देर में पूरी बस आग के गोले में बदल गई। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। करीब 25 यात्रियों ने किसी तरह बस से कूदकर जान बचाई, लेकिन 9 यात्री अंदर फंस गए। आग की चपेट में आने से सभी की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस और परिजनों के सामने सबसे बड़ी चुनौती मृतकों की पहचान करना थी। आग इतनी भीषण थी कि शवों की पहचान करना मुश्किल हो गया था।

# धनौरा में फर्जी संपर्क मार्ग निर्माण दिखाकर 1.97 लाख रुपये भुगतान का आरोप

**ग्राम प्रधान पर सरकारी धन के गबन का आरोप, बीडीओ ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण**



अमन लेखनी समाचार

बामौर। विकासखंड बामौर की ग्राम पंचायत धनौरा में मनरेगा के तहत संपर्क मार्ग निर्माण के नाम पर फर्जी कार्य दर्शाकर करीब 1 लाख 97 हजार 400 रुपये का भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीण भगवानदास, राजेंद्र कुमार, मोहित आदि ने जिलाधिकारी झांसी को शिकायती पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार ग्राम प्रधान धनौरा भैयालाल द्वारा गांव के समीप पुनू बरार के खेत से माता प्रसाद के खेत की ओर संपर्क मार्ग निर्माण कार्य दशार्या गया। आरोप है कि 1 से 14 सितंबर 2026 तक मस्टर रोल संख्या 4803, 4804, 4805, 4806 व 4807 भरकर करीब 1.97 लाख रुपये का भुगतान करा लिया गया। शिकायतकताओं का कहना है कि उक्त संपर्क मार्ग का निर्माण ग्रामीणों की सहभागिता से करीब 5-6 वर्ष पूर्व ही कराया जा चुका था। वर्तमान में मौके पर बड़े-बड़े पेड़ और झाड़ियां खड़ी हैं तथा नया निर्माण नहीं हुआ है। इसके बावजूद अभिलेखों में कार्य दर्शाकर भुगतान किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत के बाद शनिवार को बीडीओ बामौर गौरव कुमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। बीडीओ के अनुसार प्रथम दृष्टया मौके पर कार्य न होना पाया गया है। संबंधित ग्राम प्रधान से एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दीनदयाल जयंती पर त्रिदेव हरिशंकरी वृक्षारोपण का लिया संकल्प




अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नगर पंचायत कार्यालय में दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत 28 सितंबर से प्रस्तावित त्रिदेव हरिशंकरी वृक्षारोपण अभियान को लेकर सभी ने वृक्षारोपण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने की। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मनोज प्रियदर्शी, सतीश चौरसिया, अनिल तिवारी जखौरा, ब्रजकिशोर मिश्रा, पार्षद दीपक गुप्ता, फजल अहमद, भारती अग्रवाल, महेंद्र सुमन सहित नगर पंचायत का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भारी वर्षा, तेज हवाओं एवं वज्रपात की संभावना को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपदवासियों से सतर्कता बरतने एवं सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग, लखनऊ द्वारा 24 सितम्बर 2026 को जारी मौसम पूवार्नुमान एवं चेतावनी के अनुसार गहन अवदाब के प्रभाव से प्रदेश में 24 से 27 सितम्बर के दौरान वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। विशेष रूप से 25 एवं 26 सितम्बर को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ तेज सतही हवाओं एवं वज्रपात की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के प्रभाव आधारित पूवार्नुमान के अनुसार जनपद सोनभद्र में 24 सितम्बर से 25 सितम्बर की सुबह तक भारी वर्षा, तेज झोंकेदार हवाओं तथा मेघगर्जन/वज्रपात की संभावना है। वहीं 25 से 26 सितम्बर के दौरान भी भारी वर्षा तथा 40-50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाओं के झोंके चलने की संभावना जताई गई है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि मौसम खराब होने की स्थिति में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। विशेष रूप से नदियों, नालों, झरनों, जलाशयों, बांधों, खनन क्षेत्रों, निचले इलाकों एवं जलभराव वाले स्थानों पर जाने से बचें। मौसमी जलधाराओं तथा जलमग्न मार्गों पर विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि वज्रपात की स्थिति में खुले स्थानों, पेड़ों, बिजली के खंभों तथा विद्युत प्रवाहित करने वाली वस्तुओं से दूर रहें और सुरक्षित पक्के भवन में शरण लें। तेज हवाओं एवं वज्रपात के दौरान खिड़की-दरवाजे बंद रखें तथा अनावश्यक यात्रा से बचें। भारी वर्षा के दौरान निचले इलाकों में जलभराव तथा नदियों-नालों एवं जलाशयों के जलस्तर में अचानक वृद्धि हो सकती है। मौसमी नालों एवं जलधाराओं पर बने छोटे पुलों और सड़कों पर जल प्रवाह बढ़ने से आवागमन प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए ऐसे स्थानों को पार करने से बचें। सड़क पर दृश्यता कम होने एवं फिसलन बढ़ने की स्थिति में वाहन चालक गति नियंत्रित रखें तथा जलमग्न सड़कों, पुलों एवं तेज बहाव वाले स्थानों से वाहन निकालने का प्रयास न करें। जिला प्रशासन एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सोनभद्र ने जनपदवासियों से अपील की है कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों एवं प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करें, सतर्क रहें, सुरक्षित स्थान पर रहें तथा नदी-नाले, झरने एवं अन्य जलस्त्रोतों के पास जाने से बचें।

## खास समाचार

# जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाने की पहल, बिड़ला कार्बन सीएसआर ने बांटे वस्त्र

अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट। सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए बिड़ला कार्बन रेणुकूट के सीएसआर विभाग की ओर से चोपन विकासखंड क्षेत्र के पनारी गांव स्थित जनजातीय टोले में जरूरतमंद परिवारों के बीच उपयोगी वस्त्रों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को मौसम के प्रतिकूल प्रभाव से बचाने के साथ उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने में सहयोग प्रदान करना रहा। बिरला कार्बन के सीएसआर विभाग की ओर से कॉलोनीवासियों के ऐसे उपयोग किए हुए कपड़े एकत्र किए गए, जो अच्छी स्थिति में थे और जरूरतमंदों के उपयोग के योग्य थे। इन वस्त्रों को पनारी गांव के जनजातीय टोले में पहुंचाकर करीब 60 लोगों के बीच वितरित किया गया। इसमें छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को उनकी आवश्यकता के अनुसार कपड़े प्रदान किए गए। सीएसआर विभाग के चिकित्सक डॉ. ए.के. चौधरी एवं निवेदिता मुखर्जी की मौजूदगी में वस्त्र वितरण किया गया। बारिश के मौसम में जरूरतमंद परिवारों के साथ ही आगामी ठंड को देखते हुए गर्म एवं उपयोगी कपड़ों की उपलब्धता उनके लिए काफी मददगार साबित होगी। इस अवसर पर सीएसआर टीम ने कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्ग के साथ सहयोग और संवेदनशीलता ही सामाजिक जिम्मेदारी की वास्तविक भावना है। ऐसे प्रयासों से जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलने के साथ उनमें आत्मसम्मान और अपनत्व की भावना भी मजबूत होती है। बिड़ला कार्बन द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत आगे भी जनहित से जुड़े कार्य किए जाने की बात कही गई।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं का विकास खण्डवार प्रचार-प्रसार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि जनपद में दिनांक 17 सितम्बर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का विकास खण्डवार प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अभियान के दौरान शादी अनुदान योजना, पूर्वदशम छात्रवृत्ति, दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी नागरिकों एवं विद्यार्थियों तक पहुंचाई जा रही है। सम्बन्धित विकास खण्डों में ए0डी0ओ0 (स0क0) एवं विभागीय कर्मचारियों द्वारा बैनर एवं पम्पलेट के माध्यम से योजनाओं की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने पिछड़ा वर्ग के समस्त विद्यार्थियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे विकास खण्ड स्तर पर आयोजित प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ उठाएं।

# देवरिया शाखा नहर में बहता मिला 65 वर्षीय महिला का शव, मचा हड़कंप जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद के भिटौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली के पास बुधवार शाम देवरिया शाखा नहर में करीब 65 वर्षीय महिला का शव बहता मिलने से सनसनी फैल गई। नहर में शव दिखाई देते ही आसपास मौजूद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना भिटौली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया।

# इंदी छात्रा मौत मामले में जांच जारी, दो नाबालिग गिरफ्तार



**एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात**

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय। थाना क्षेत्र के ग्राम इंदी में 21 सितंबर को जहरीला पदार्थ खाने से हुई 19 वर्षीय बीए छात्रा की मौत के मामले में पुलिस जांच जारी है। मृतका के परिजनों ने गांव के छह युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म करने तथा फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, मामले में छात्रा के प्रेमी सहित दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य नामजद आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कुल छह आरोपियों को नामजद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे हैं। पुलिस का कहना है कि अभी तक किसी मोबाइल से कथित वीडियो नहीं मिला है। एसएसपी झांसी विकास कुमार ने बताया कि मामले के प्रत्येक पहलू की जांच की जा रही है और किसी भी आरोपी को क्लीनचिट नहीं दी गई है। जांच में जिसके खिलाफ साक्ष्य मिलेगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परिजनों का आरोप है कि छात्रा को दुष्कर्म और फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन और भाजपा नेता राकेश पाल भी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शासन स्तर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत चुर्क-घुर्मा में गूंजा सेवा और संकल्प का संदेश

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रॉबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के हाइडिल मैदान चुर्क में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन, संघर्ष, सेवा यात्रा एवं देशहित में किए गए कार्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के सार्वजनिक जीवन, देश के विकास एवं जनकल्याण के लिए किए गए विभिन्न कार्यों और उपलब्धियों को रोचक एवं प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। तीन स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों को देखने के लिए बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहा और लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति को उत्साहपूर्वक देखा। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।

# धान की फसल को कीट एवं रोगों से बचाने के लिए नियमित निगरानी करें किसान

**तना बेधक, फुदका व विभिन्न रोगों से बचाव के लिए कृषि रक्षा विभाग ने जारी की सलाह।**

**कीट-रोग के लक्षण दिखते ही अपनाएं नियंत्रण उपाय, सुरक्षित रखें धान की फसल।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।जिला कृषि रक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने अवगत कराया कि किसान भाई धान की फसल में लगने वाले कीट एवं रोगों से बचाव हेतु नियमित रूप से फसल की निगरानी करें। कीट अथवा रोग के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल अनुशंसित नियंत्रण उपाय अपनाकर धान की फसल को क्षति से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तना बेधक कीट के नियंत्रण हेतु 5 फेरोमोन ट्रैप प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें। इसके अतिरिक्त बाईफेनथिन 10 प्रतिशत ईसी 500 मिलीलीटर, कार्बोफ्यूरान 3 जी 20 किलोग्राम, कारटॉप हाइड्रोक्लोराइड 4 जी 18 किलोग्राम, क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5 प्रतिशत एससी 150 मिलीलीटर अथवा फ्लुबेंडियामाइड 20 प्रतिशत डब्ल्यूजी 125 ग्राम में से किसी एक का निर्धारित मात्रा में प्रयोग करें। हरा, भूरा एवं सफेद फुदका के नियंत्रण हेतु एसिटामीप्रिड 20 प्रतिशत एसपी 100 ग्राम, कार्बोफ्यूरान 3 जी 20 किलोग्राम, फिप्रोनिल 0.3 जी 20 किलोग्राम, इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत 125 मिलीलीटर, थायामेथोक्सैम 25 प्रतिशत डब्ल्यूजी 100 ग्राम अथवा क्लोरपायरीफास 25 प्रतिशत ईसी 1.5 लीटर प्रति हेक्टेयर निर्धारित मात्रा में 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। शीथ ब्लाइट, झोंका रोग एवं भूरा धब्बा रोग के नियंत्रण हेतु कृषि रक्षा अधिकारी ने अनुशंसित फफूंदनाशकों का निर्धारित मात्रा में 500-750 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर छिड़काव करने की सलाह दी। इनमें कार्बण्डाजिम, थायोफिनेट मिथाइल, हेक्साकोनाजोल, प्रोपीकोनाजोल, मैकोजेब तथा एजोक्सीस्ट्रोबिन + डिफेनोकोनाजोल आदि रसायन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जीवाणु झुलसा एवं जीवाणुधारी झुलसा के नियंत्रण हेतु स्ट्रैप्टोमाइसिन सल्फेट 90 प्रतिशत + टेट्रासाइक्लीन हाइड्रोक्लोराइड 10 प्रतिशत 15 ग्राम को कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी 500 ग्राम के साथ मिलाकर प्रति हेक्टेयर 500-750 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों से अपील की कि रसायनों का प्रयोग अनुशंसित मात्रा एवं विधि के अनुसार ही करें तथा फसल में कीट अथवा रोग के लक्षण दिखाई देने पर कृषि विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों से आवश्यक सलाह प्राप्त करें।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की संशोधित समय-सारिणी जारी

**छात्रवृत्ति योजना: नवीनीकरण आवेदन 15 अक्टूबर तक, संस्थानों को सत्यापन के लिए निर्धारित हुई समय-सीमा**

**दशमोत्तर छात्रवृत्ति के आवेदन की तिथियां संशोधित, 31 अक्टूबर तक कर सकेंगे नवीन छात्र आवेदन।**

सोनभद्र। निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान हेतु संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है। संशोधित समय-सारिणी के अनुसार शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही 26 सितम्बर 2026 तक तथा विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 27 सितम्बर 2026 तक किया जाएगा। छात्र-छात्राओं द्वारा नवीनीकरण आवेदन ऑनलाइन करने एवं हार्डकॉपी संस्थान में जमा करने की अवधि 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित है। नवीन छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2026 तक किया जा सकेगा। शिक्षण संस्थान द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार किया जाएगा। विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा नवीन छात्रों का सत्यापन तथा अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम एवं संस्था को ब्लॉक करने की कार्यवाही 25 नवम्बर 2026 तक पूरी की जाएगी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं एवं संबंधित शिक्षण संस्थानों से अपील की गई है कि निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए छात्रवृत्ति से संबंधित सभी कार्यवाहियां समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# हज-2027 के चयनित यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग अनिवार्य

**30 सितंबर तक ऑनलाइन अपलोड करना होगा मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र**

**सरकारी चिकित्सा केंद्रों पर होगी स्वास्थ्य जांच।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने बताया कि हज-2027 के चयनित यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र के संबंध में हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा सर्कुलर-13, दिनांक 15 सितंबर 2026 जारी किया गया है। चयनित यात्रियों को प्रथम चरण में सरकारी चिकित्सा केंद्र पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा। जांच के उपरांत एलोपैथिक चिकित्सक द्वारा निर्धारित प्रारूप पर मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि चयनित हज यात्रियों को मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र, अग्रिम जमा धनराशि की रसीद एवं अन्य आवश्यक अभिलेख 30 सितंबर 2026 तक हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। इसके अतिरिक्त आवश्यक दस्तावेज 01 अक्टूबर 2026 तक उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। विदेशों में निवास कर रहे एनआरआई हज यात्री संबंधित देश के सरकारी चिकित्सालय में मेडिकल स्क्रीनिंग कराकर आवश्यक रिपोर्ट निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रेषित अथवा अपलोड करेंगे। उन्होंने सभी चयनित यात्रियों से निर्धारित समयसीमा में मेडिकल जांच पूर्ण कर प्रमाण-पत्र एवं जांच रिपोर्ट सुरक्षित रखने की अपील की, ताकि द्वितीय चरण की मेडिकल जांच के समय आवश्यकता पड़ने पर इन्हें प्रस्तुत किया जा सके।

# अनपरा पुलिस द्वारा 178.92 लीटर शराब के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**हुंडई क्रेटा कार (अनुमानित कीमत 12 लाख रुपये) से रॉयल स्टैग एवं मैकडॉवेल ब्रांड की शराब बरामद।**

**कुल बरामदगी की अनुमानित कीमत लगभग 14.30 लाख**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में ₹ऑपरेशन शुद्धि₹ के तहत अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 23.09.2026 को थाना अनपरा पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग तथा अपराधियों की तलाश के दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मध्य प्रदेश की तरफ से सफेद रंग की हुंडई क्रेटा कार संख्या हइ02अल्8692 में अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन की जाएगी। प्राप्त सूचना पर अनपरा पुलिस टीम द्वारा मध्य प्रदेश बॉर्डर की तरफ चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दीपक सिंह के प्राइवेट वाहन/ट्रक खड़े करने के आहाता के पास ग्राम औड़ी मोड़ टोला दुल्लापाथर थाना अनपरा अन्तर्गत सड़क किनारे बाईं तरफ सुनसान स्थान पर उक्त सफेद रंग की क्रेटा कार खड़ी दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा कार को चेक किया गया तो उसमें बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अजय कुमार सिंह उर्फ झगड़ू बताया। वाहन की तलाशी लेने पर पीछे की सीट से 03 पेटी रॉयल स्टैग 750 एमएल की कुल 36 बोतल एवं 03 पेटी मैकडॉवेल 180 एमएल की कुल 144 बोतल तथा डिग्गी से 14 पेटियों में कुल 336 बोतल रॉयल स्टैग 375 एमएल बरामद हुई। बरामद शराब पर ह्लक्र्रङ्क१ रॉ्लल टॅ्टैग ढ्डूॅ३ें डल्ल८ह्व एवं ह्लक्र्रङ्क१ री्रल्ल वल्लङ्कल्ल ळ्टीं१३ङ्क१८ उॅल्लॅरॅ डल्ल८ह्व अंकित पाया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर आरोपी अजय कुमार सिंह उर्फ झगड़ू को समय करीब 20:07 बजे औड़ी मोड़ दुल्लापाथर मध्य प्रदेश बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया। अवैध अंग्रेजी शराब की बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार थाना अनपरा पर मु0अ0सं0-196/2026 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। प्रकरण में अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है गिरफ्तार आरोपी अजय कुमार सिंह उर्फ झगड़ू से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह भाड़े पर हुंडई क्रेटा कार लेकर मध्य प्रदेश गया था तथा वापसी के दौरान मध्य प्रदेश के सिंगरौली स्थित सरकारी ठेके से अंग्रेजी शराब लोड कर बिहार बॉर्डर की किसी ढाबे पर बेचकर अधिक पैसा कमाने के लालच में लेकर जा रहा था। इस प्रकार अवैध शराब का परिवहन कर लाभ कमाने का कार्य वह पहली बार कर रहा था।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# कचीर में धूमधाम से निकली जलविहार शोभायात्रा

**घर-घर उतारी गई भगवान की आरती**



अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

ककरवई। ग्राम कचीर स्थित श्रीराम राजा सरकार सिद्धपीठ हनुमान जी महाराज मंदिर पर जलविहार महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान के विग्रहों को विमान में विराजमान कर बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भजनों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान का तिलक कर आरती उतारी। मंदिर परिसर पहुंचकर महाआरती की गई और प्रसाद वितरण के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में घहरौली (महोबा) व ककरवई के कलाकारों ने भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ हरप्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। शुक्रवार सुबह भगवान को पवित्र धसान नदी में जलविहार कराया गया। पूजन-अर्चन के बाद भगवान को पुनः मंदिर में विराजमान किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, पूर्व गरौठा विधायक बृजेंद्र व्यास (डमडम महाराज), विधायक पुत्र राहुल राजपूत, पुष्पेंद्र पटेल भड़ोकर, अवधेश रिछारिया, श्याम सिंह अस्ता, हरप्रसाद पटेल, आनंद कुमारी अमरोख, नीता सिंह, शिशुपाल यादव, वीरेंद्र सिंह यादव (बीरू ककरवई), अमित सेंगर, पारथ सिंह राजपूत, सचिन श्रीवास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमन्त यादव ने किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष ककरवई योगेंद्र सिंह, एसआई विजय शंकर मिश्रा सहित पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर के पुजारी दिनेश तिवारी व महंत दुर्गेश गौतम ने सफल आयोजन के लिए श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# नम आंखों से गणपति बप्पा को दी विदाई



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चल रहे गणेशोत्सव का शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हुआ। गणेशोत्सव के दौरान पांडालों में विराजमान गणपति प्रतिमाओं की भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती की। विसर्जन से पूर्व गणपति बप्पा की प्रतिमा को सुंदर को सुंदर रूप में सजाकर नगर में भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के पश्चात लखेरी नदी में प्रतिमा का विसर्जन किया गया । वही ग्राम ककरवई में गणेश प्रतिमा के समक्ष बच्चियों द्वारा प्रतिदिन सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समापन अवसर पर भक्तों ने गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर प्रतिमाओं को शोभायात्रा के साथ विसर्जित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से गणपति बप्पा को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आने की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## लव एंड वॉर से रिलीज हुआ आलिया का ग्लैमरस लुक

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली फिल्म 'लव एंड वॉर' का दूसरा पोस्टर रिलीज हो चुका है। फिल्म के पहले लुक में जहां रणबीर कपूर की झलक सामने आई थी। वहीं, शुक्रवार को फिल्म से आलिया भट्ट का लुक समने आया है। फिल्म 21 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने आलिया के दो पोस्टर रिलीज कर फैंस का उनके किरदार से परिचय कराया है। पोस्टर में वह अपनी सभी फिल्मों के लुक्स के बेहद अलग दिखाई दे रही हैं। आलिया भट्ट का लुक काफी ग्लैमरस दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर में उन्हें कुर्सी पर अदाओं के साथ बैठे हुए दिखाया गया है। वहीं, उनके बैकग्राउंड में पुराने दौर का क्लब दिख रहा है, जहां एक स्टेज के आस पर कई लोग खड़े हुए हैं। पोस्टर को देखते हुए लग रहा है कि उनका किरदार किसी कैबरे डांसर का हो सकता है। इसके पोस्टर के साथ मेकर्स ने कैप्शन में 'आग भी, दिलों की जान भी' लिखा है। इससे पता चल रहा है कि फिल्म में उनका किरदार लोगों के बीच काफी मशहूर है। फिल्म 'लव एंड वॉर' से आलिया भट्ट का दूसरा लुक भी दिखाया गया है। इस पोस्टर में पूरी तरह कैबरे डांसर लुक में नजर आ रही हैं।

लाइफ Style



# तापसी
## बेवजह फिल्म से किया गया था रिप्लेस

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इसके साथ ही अपने फिल्मी सफर को भी फैंस के साथ शेयर करती हैं। एक बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी एक फिल्म के बारे में बातचीत की है, जिससे अकारण ही उन्हें निकाल दिया गया था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तापसी पन्नू ने बॉलीवुड में बिना किसी मदद के अपनी एक अलग पहचान बनाई है। मगर नयनदीप रक्षित के पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने उस कड़वे अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'मुझे बताया गया है कि फिल्म के हीरो ने मेरी जगह किसी और को कास्ट कर लिया। कारण तो भगवान ही जाने। मैं तरह-तरह के कारण सोचती रहती हूं। मैं असुरक्षा की भावना समझ सकती हूं, मैं सोच सकती हूं कि वह किसी और को लेना चाहते थे, जिससे वह ज्यादा करीब हों। मैं कई कारण सोच सकती हूं, लेकिन मुझे कोई ठोस कारण नहीं बताया गया। मुझे बस इतना कहा गया कि वह मुझे फिल्म में नहीं लेना चाहता थे।' आगे अपनी बातचीत में तापसी ने कहा, ' मुझे कहा गया कि हीरो की पत्नी मुझे पसंद नहीं करती। मुझे नहीं पता कि वो मुझे क्यों पसंद नहीं करती थी। हालांकि, तापसी ने अभिनेता या उनकी पत्नी का नाम नहीं लिया। बीते दिनों अपने एक अलग इंटरव्यू में तापसी ने अपनी निर्माता और निर्देशकों के बारे में भी बात की थी। उन्होंने एक बातचीत में कहा, 'हर कोई अपने कम्फर्ट जोन में जा रहा है और आजमाए हुए तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है। उदाहरण के लिए, ग्लैमरस भूमिकाओं के लिए, उनके पास पांच अभिनेत्रियों का एक समूह होता है जिन्हें वे कास्ट कर सकते हैं, और गंभीर मुद्दों पर आधारित फिल्मों के लिए, उनके पास पांच अभिनेत्रियों का एक और समूह होता है।

### हॉलीवुड मसाला




## मैचिंग आउटफिट में रचाई कपल ने शादी

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर इतालवी सिंगर डामियानो डेविड और अमेरिकी सिंगर-अभिनेत्री डव कैमरन ने शादी कर ली है। दोनों ने इटली में भव्य अंदाज में शादी रचाई है। कपल ने 24 सितंबर को इटली के टस्कनी में मोंटाल्सिनो के ऐतिहासिक टाउन हॉल में शादी की। डव और डेविड की उम्र में तीन साल का अंतर है। डव अपने हमसफर से तीन वर्ष बड़ी हैं। 30 वर्षीय सिंगर-एक्ट्रेस डव और 27 साल के डामियानो डेविड ने शादी पर मैचिंग आउटफिट पहने। दोनों की शादी की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। फोटोज में कपल का रोमांटिक अंदाज देखा जा सकता है। सितंबर 2023 में जब एक्ट्रेस ने रॉक स्टार के बैंड 'मानेस्किन' के एक कॉन्सर्ट में हिस्सा लिया। तब से उनके और डामियानो के रोमांस की अफवाहें शुरू हुईं।




## एवेंजर्स एंडगेम एनकोरः री रिलीज में जोड़े चार नए सीन

**लॉस एंजिल्स।** 18 दिसंबर को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज होने वाली है। इससे पहले मार्वल ने 'एवेंजर्स एंडगेम' को नए नाम 'एवेंजर्स एंडगेम एन्कोर' के साथ सात साल बाद री रिलीज कर दिया है। 25 सितंबर को मूवी जैसे ही सिनेमाघरों में आई, इसके साथ ही सोशल मीडिया पर फिल्म के सीन भी लीक हो गए। इन सीन्स को लेकर अब कहा जा रहा है कि इसके तार 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से जुड़े हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, 'एवेंजर्स एंडगेम एनकोर' 2019 में आई ब्लॉकबस्टर 'एवेंजर्सः एंडगेम' से करीब चार मिनट लंबी है। इसमें रॉबर्ट डाउनी जूनियर के मेगा-विलेन डॉक्टर डूम, टॉम हिडलेस्टन के लोकी और मार्क रफालो के ब्रूस बैनर जैसे नए कलाकार नजर आए हैं। मार्वल ने 'डूम्सडे' के लिए हाइप बनाना इसकी रिलीज से एक साल पहले ही शुरू कर दिया था। इसके लिए पिछले साल 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ चार छोटे टीजर दिखाए गए थे। पहले टीजर में पता चला कि स्टीव रोजर्स (क्रिस इवांस) और पैगी कार्टर (हेले एटवेल) के बेटों के बारे में बताया था। दूसरे में थॉर (क्रिस हेम्सवर्थ) और उनकी गोद ली हुई बेटी पर फोकस किया गया।



## अमेरिका की सैर पर निकलीं प्रकृति की गोद में दिए पोज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह यहां अपनी जिंदगी से जुड़े कई अच्छे पल साझा करती हैं। हाल ही में वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को की सैर पर निकली हैं। यहां से उन्होंने कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। तृप्ति डिमरी ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि वह प्राकृतिक वातावरण में हैं। उन्होंने जंगल में पेड़ के पास और समुद्र किनारे शानदार पोज दिए हैं। उनकी पोस्ट में प्राकृतिक वातावरण के प्रति उनका प्यार नजर आता है। अभिनेत्री की पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है। वहीं कई यूजर्स इस पोस्ट पर कमेंट भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा 'भारत की सबसे बड़ी अभिनेत्री'। एक दूसरे यूजर ने लिखा 'बहुत अच्छी पोस्ट है। दिल करता है देखता ही रहूं।' एक और यूजर ने लिखा 'आपकी कैप वाली तस्वीर सबसे अच्छी है।'



## सिंगापुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होंगे सम्मानित

**मुंबई।** 37वें सिंगापुर फिल्म फेस्टिवल का आयोजन अक्टूबर में किया जाएगा। यह समारोह 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलेगा। फिल्म लगान ने हाल ही में अपने 25 साल पूरे किए थे। इस वजह से 37वें सिंगापुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को स्क्रीन आइकॉन अवॉर्ड मिलने जा रहा है। वैरायटी के अनुसार, इस खास मौके पर आमिर खान और फिल्म के निर्देशक आशुतोष गोवारिकर भी फेस्टिवल का हिस्सा रहेंगे। फिल्म का आगाज दक्षिण कोरियाई थ्रिलर फिल्म 'द असासिन्स' से होगा। फिल्म का निर्देशन हुर जिन-हो ने किया है और जिसमें यू हे-जिन, पार्क हे-इल और ली मिन-हो ने अभिनय किया है। इस दौरान हुर और सहायक कलाकार शिम यून-क्यंग और पार्क सुंग-हून उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे। एशियाई सिनेमा में योगदान के लिए महोत्सव का सर्वोच्च पुरस्कार, जापानी फिल्म निर्माता कोरे-एडा हिरोकाजू को प्रदान करेगा।

### टीवी मसाला



## शगुन को याद करके रोने लगे अमन

**नई दिल्ली।** अमन गांधी रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को याद करते नजर आए। इस दौरान वे भावुक हुए और आंखों से आंसू छलक आए। माही विज और अरिश्फा खान समेत कई प्रतिभागियों ने उन्हें संभाला। इस दौरान अमन गांधी ये मनाने लगे कि काश जब वे बाहर जाएं तो उनकी गर्लफ्रेंड ने मूव ऑन न किया हो। चर्चित शो 'बिग बॉस 20' काफी मजेदार चल रहा है। इसमें प्रतिभागियों के बीच काफी लड़ाई-झगड़े देखे जाते हैं तो कुछ के बीच बॉन्डिंग भी अच्छी है। प्रतिभागी अपनी पर्सनल लाइफ पर भी आपस में एक-दूसरे से चर्चा करते नजर आते हैं। इस बीच अमन गांधी ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को याद किया। जियो हॉटस्टार के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किए गए प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमन गांधी अपने आंसू पोंछते नजर आए। इसके बाद माही ने उन्हें संभालते हुए कहा, 'अरे अरे, भाई रो रहा है। अपने प्यार को याद करके रो रहा है।' माही ने आगे कहा- 'रिश्ता लेकर जाना पड़ेगा अब तो बिग बॉस के बाद'। अमन गांधी ने कहा, 'आप एक-दूसरे से क्लोज होते हो ना यार, चाहें ब्रेकअप हो या कुछ मर्जी'। इस पर आम्रपाली ने कहा, 'उनको भी वही फील हो रहा होगा ना'। अमन गांधी ने आगे कहा, 'अब मुझे लगता है कि क्यों वो साउथ अफ्रीका में जाकर सिर्फ मुझसे ही बातें कर रही थी। मैं उम्मीद करता हूं कि जब मैं बाहर जाऊं तो वो मूव ऑन न कर दें'। आम्रपाली और माही विज कहती नजर आईं, 'मैम मूव ऑन मत करना प्लीज। भाई रो रहा है। इंतजार करना प्लीज'। आगे आम्रपाली और अरिश्फा ने भी अमन की एक्स गर्लफ्रेंड से गुजारिश करते हुए कहा कि वे अमन के लिए इंतजार करें। अरिश्फा ने अमन गांधी को यह तसल्ली भी दी कि मुझे नहीं लगता कि वो मूव ऑन करेंगी।

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो का 5वां सीजन आज से

**नई दिल्ली।** 16 सितंबर को नेटफ्लिक्स ने यह ऐलान किया था कि चार सीजन हिट होने के बाद अब मेकर्स 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का 5वां सीजन लेकर आ रहे हैं, जो शनिवार यानी 26 सितंबर से शुरू होने वाला है।



ऐसे में अब शो शुरू होने से पहले मेकर्स ने इसका प्रोमो वीडियो भी जारी कर दिया है। इस बार कपिल के शो में दर्शक सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया को देख सकते हैं। वहीं, अजय देवगन भी अपनी टीम के साथ 'दृश्यम 3' को प्रमोट करने आने वाले हैं। दरअसल, प्रोमो के आखिर में देखने को मिला कि कपिल शर्मा फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक पाठक से सवाल करते हैं, 'अभिषेक सर, अगर आप पहले पार्ट में काजोल मैम को ले लेते, तो आपको नहीं लगता कि वो पहले ही पार्ट में ही सबकुछ उगलवा लेतीं।' इसके बाद अजय ने तुरंत एक लाइन में जवाब दिया, 'पहली फिल्म ही नहीं बनती।' यह मजाक 'दृश्यम' फिल्मों की कहानी से जुड़ा है।

## डांस मस्ती में विवेक ने लगाया तड़का



**मुंबई।** कोरियोग्राफर्स बॉस्को मार्टिस और सीजर गोंसाल्वेस इंडस्ट्री में अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाने वाले हैं। इस जश्न में बॉलीवुड के चर्चित अभिनेता विवेक ओबेरॉय शामिल होने वाले हैं। कोरियोग्राफर्स ने इस सेलिब्रेशन का टीजर जारी किया है। इसमें अभिनेता विवेक ओबेरॉय नजर आए हैं। 'डांस मस्ती' के सेलिब्रेशन के टीजर में विवेक ओबेरॉय कहते हैं, 'ऐ गनपत। क्या देख रहा है बिड़ू। बोस्को सीजर का 25वां साल। मैं नहीं आऊंगा तो कौन आएगा। टपोरी लोगों को कोई रीप्रेजेंट करेगा या नहीं? अभी फटाक से ले के आ, गरम-गरम समोसा और कटिंग चाय। क्यों? क्योंकि शो चालू हुआ।' कोरियोग्राफर्स ने टीजर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा 'कुछ कहानियां दोस्तों से नहीं छुपाई जाती हैं। अपने दोस्त विवेक के साथ हम इसे साझा कर रहे हैं। बॉस्को मार्टिस और सीजर गोंसाल्वेस का 25 साल का सेलिब्रेशन हो और विवेक ओबेरॉय एंट्री ना मारे ऐसा कैसे हो सकता है। विवेक ओबेरॉय और डांस मस्ती का टीजर जारी हो गया है। जल्द ही फुल एपिसोड जारी होगा।' बॉस्को-सीजर बॉलीवुड की एक मशहूर कोरियोग्राफर जोड़ी है। इस जोड़ी ने बॉलीवुड में वेस्टर्न हिप-हॉप और आधुनिक डांस शैलियों को लोकप्रिय बनाया है। इस जोड़ी ने 100 से ज्यादा फिल्मों में लगभग 700 से ज्यादा गानों को कोरियोग्राफ किया है। जोड़ी ने जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, थ्री इडियट्स, वॉर और पठान जैसी फिल्मों के गानों को कोरियोग्राफ किया है।

## पर्दे पर दिखेगी 'बाबा रामदेव पीर' की कहानी

**नई दिल्ली।** नीब करौरी बाबा या नीम करोली बाबा पर आधारित फिल्म हनुमान अंश की सफलता के बाद अब एक और 'बाबा' की कहानी पर्दे पर दिखाई जानी है। जिस तरह नीम करोली बाबा को भगवान हनुमान का अवतार माना जाता है, उसी तरह राजस्थान के लोक देवता और संत थे जिन्हें भगवान कृष्ण का अवतार माना जाता है। यह संत हैं श्री रामदेव पीर। जिन्हें सिर्फ हिंदू ही नहीं, बल्कि मुस्लिम भी पूजते हैं।

### पहला पोस्टर आउट

अब श्री रामदेव पीर पर फिल्म बनने जा रही है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने इस फिल्म को लेकर जानकारी साझा की है। इस फिल्म को त्रिशा स्टूडियोज के बैनर तले तिलोक कोठारी बना रहे हैं। फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आया है जिसमें कास्ट का चेहरा रिवील नहीं किया गया है, लेकिन लुक कृष्ण जैसा है। श्री रामदेव पीर पर आधारित फिल्म का टाइटल कृष्ण अवतार श्री रामदेव पीर) है। फिलहाल, फिल्म को कौन डायरेक्ट कर रहा है, कौन मुख्य भूमिका निभा रहा है, इस बारे में कोई अपडेट शेयर नहीं की गई है। हालांकि, अनाउंस किया गया है कि फिल्म 2027 तक बड़े पर्दे पर रिलीज हो सकती है।



### कौन थे श्री रामदेव पीर?

*बाबा रामदेव पीर को राजस्थान में लोक देवता माने जाते हैं। कहा जाता है कि उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक समानता, सांप्रदायिक सौहार्द और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्हें हिंदी बाबा रामदेव पीर मानकर पूजते हैं, जबकि मुस्लिम उन्हें रामशाह पीर के रूप में पूजते हैं। उनके नाम पर हर साल राजस्थान में मेला भी लगता है।*

### बालासुब्रमण्यम एक दौर में सलमान की बन गए थे आवाज
# पहले हिंदी गाने के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार, एक दिन में गाए 21 गाने

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

90 के दशक में कई सुपरहिट गाने देने वाले गायक एस पी बालासुब्रमण्यम ने कई श्रोताओं को अपनी आवाज पर झूमने के लिए मजबूर किया। एक दौर में वह सुपरस्टार सलमान खान की आवाज बन गए थे। कई साल तक बॉलीवुड और साउथ सिनेमा को यादगार गीत देने के बाद 25 सितंबर 2020

### इंजीनियरिंग छोड़ बने गायक

4 जून 1946 को जन्मे बालासुब्रमण्यम बेहतरीन गायक होने के साथ ही अभिनेता, संगीतकार और फिल्म निर्माता थे। उन्होंने हिंदी के अलावा तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में भी गाने गाए। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। हालांकि संगीत के प्रति उनके जुनून ने उन्हें प्लेबैक सिंगर बनाया, जिसके चलते उन्हें पढ़ाई छोड़नी पड़ी।

### संगीत में रखा पहला कदम

इंजीनियरिंग की पढ़ाई छूटने के बाद बालासुब्रमण्यम ने संगीत प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना शुरू किया। 15 दिसंबर 1966 को उन्होंने तेलुगु फिल्म 'श्री श्री श्री मर्यादा रामन्ना' से बतौर प्लेबैक सिंगर अपने करियर की शुरुआत की।



### बॉलीवुड में कब किया डेब्यू?

बालासुब्रमण्यम ने साल 1981 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म 'एक दूजे के लिए' से हिंदी फिल्मों में गाना शुरू किया। इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। इसके बाद उन्होंने सलमान खान अभिनीत मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और साजन जैसी फिल्मों के लिए शनदार गाने गाए।

### बालासुब्रमण्यम के रिकॉर्ड

सिंगर बालासुब्रमण्यम के नाम करियर में सबसे अधिक गाने रिकॉर्ड करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। उनका कॅरियर पांच दशक लंबा रहा है। इस दौरान उन्होंने 16 भारतीय भाषाओं में 40000 से ज्यादा गाने रिकॉर्ड किए। एक दिन में उन्होंने कन्नड़ में 21, तमिल में 19 और हिंदी में 16 गाने रिकॉर्ड किए। उन्हें शानदार गायिकी के लिए कई भाषाओं में 6 बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए 2001 में पद्म श्री और 2011 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

### बालासुब्रमण्यम के यादगार गाने

**आजा शाम होने आई :** बालासुब्रमण्यम के जो सबसे ज्यादा मशहूर गाने हैं, उनमें फिल्म 'आजा शाम होने आई' शामिल है। गाने पर सलमान खान और भाग्यश्री ने शानदार अभिनय किया है। इसके बोल देव कोहली ने लिखे हैं।

**पहला पहला प्यार है :** आज भी जब हम यूपी, बिहार की सरकारी बसों में यात्रा करते हैं तो यह गाना सुनाई देता है। साल 1994 में रिलीज हुई फिल्म 'हम आपके हैं कौन' का यह गाना उस वक्त युवाओं की पहली पसंद बन गया था। बालासुब्रमण्यम का यह गाना सलमान खान और माधुरी दीक्षित पर फिल्माया गया था।

**बहुत प्यार करते हैं:** एसपी बालासुब्रमण्यम की आवाज में गाया गया गाना 'बहुत प्यार करते हैं' आज भी बहुत मशहूर है। गाने पर माधुरी दीक्षित, सलमान खान और संजय दत्त ने अभिनय किया था। समीर की कलम से निकले इस गाने को खूब सराहा गया है।

**दिल दीवाना:** साल 1989 में रिलीज हुई फिल्म 'मैंने प्यार किया' का गाना 'दिल दीवाना' काफी मशहूर हुआ। इस गाने को बालासुब्रमण्यम और लता मंगेशकर ने आवाज दी थी। गाने पर सलमान खान और भाग्यश्री ने अभिनय किया था। इसका म्यूजिक राम लक्ष्मण ने तैयार किया था।

**मेरे रंग में रंगने वाली:** सलमान खान के सबसे मशहूर गानों में यह गाना शामिल है। आज भी यह गाना लोगों के जुबान पर आ जाता है। सलमान खान और भाग्यश्री ने इस पर शानदार डांस किया था। बालासुब्रमण्यम की आवाज वाले इस गाने में राम लक्ष्मण ने म्यूजिक देकर चार चांद लगा दिए थे।

**देखा है पहली बार:** सलमान खान, संजय दत्त और माधुरी दीक्षित की अदाकारी वाली फिल्म 'साजन' (1991) का यह गाना खूब चर्चा में रहा था। उस वक्त के नौजवानों ने इसे खूब पसंद किया था। इसे बालासुब्रमण्यम और अल्का यागनिक ने आवाज दी थी।